हरिभूमि

# संस्कारधानी भूमि

रायपुर, गुरुवार 25 अप्रैल 2024



## JEE व NEET की समर कोर्स व ड्रापर बैच प्रारंभ प्राईम कैरियर इंस्टीट्यूट..(भिलाई)

**भिलाई।** प्राईम कैरियर इंस्टीट्यूट में JEE व NEET की समर क्लासेस 1 मई से प्रारंभ हो रही है। ऐसे छात्र जो अभी 12वीं, 11वीं, 10वीं में प्रवेश लिए है। उनके लिए दो माह का समर कोर्स में दाखिला ले सकते है। इसमें दो माह में प्रत्येक दिन 6 घंटे क्लास व 3 घंटे डाउट क्लास लिया जाता है। सप्ताह के सातों दिन कक्षा संचालित होती है। प्रत्येक रविवार को टेस्ट होता है। छात्र-छात्राओं के लिए स्टडी मटेरियल, डीपीपी, ड्रेस व बैग छात्र-छात्राओं को प्रदान किया जाता है। समर कोर्स में 10वीं, 11वीं व 12वीं की संपूर्ण स्लेबस देश के प्रतिष्ठित शिक्षकों के द्वारा पढ़ाया जाता है। ताकि छात्र-छात्राओं को जेईई व नीट की तैयारी में मदद मिले। इसलिए ऐसे छात्र जो डॉक्टर व इंजीनियर बनने का सपना देख रहे उनके लिए समर कोर्स काफी उपयोगी है। क्योंकि दो माह में छात्र-छात्राओं को कोटा के शिक्षकों व देश के प्रतिष्ठित शिक्षकों द्वारा स्लेबस पूरा कराया जाता है। छत्तीसगढ़ में पिछले वर्ष NEET में सबसे

**NEET की द्वितीय ड्रापर बैच 10 मई से प्रारंभ**

अधिक छात्र-छात्राओं का सलेक्शन इस संस्था के द्वारा हुआ था। क्योंकि यहां के शिक्षक सभी आईआईटीयंस व डॉक्टर के साथ काफी अनुभवी होते है जिसका पूरा फायदा छात्र-छात्राओं को होता है। पिछले वर्ष नीट परीक्षा में कुंवर सिंह 720 नंबर में 695 अंक प्राप्त कर पूरे छत्तीसगढ़ में प्रथम स्थान हासिल किया। इसी तरह अपूर्व 680, अंकित मंडावी 655, ओमप्रकाश 632, आकांक्षा यादव 617, शेता सिंह 612 अंक प्राप्त कर छत्तीसगढ़ में सर्वश्रेष्ठ परिणाम देकर एक अलग पहचान बनाया है। इसी प्रकार आईआईटी-जेईई की परीक्षाओं में समीर लाडेकर आईआईटी मुंबई, शैलेंद्र साहू आईआईटी पटना, प्रफुल देवांगन आईआईटी B.H.J. में दाखिला हुआ। इसी तरह अनेक छात्र-छात्राओं ने देश के प्रतिष्ठित मेडिकल कॉलेज और आईआईटी व NIT कॉलेज में दाखिल हुआ। प्राईम कैरियर इंस्टीट्यूट भिलाई शाखा में लगातार नीट व जेईई में टॉप टेन में परिणाम दे रहा है। जो देश में एक अलग पहचान बनाया है क्योंकि यहां डॉक्टर और आईआईटीयंस के द्वारा बच्चों को पढ़ाया जाता है। यहां हॉस्टल की भी सुविधा है। यहां छात्र-छात्राओं के लिए मोटिवेशन कोर्स होता है, जिसमें कैरियर के बारे में जानकारी दी जाती है। प्राईम कैरियर इंस्टीट्यूट देश में ऐसी संस्थान है, जहां स्टार बैच भी है। स्टार बैच में पढ़ने के बावजूद नीट व जेईई में चयन नहीं होने पर 100 प्रतिशत फीस वापसी की गारंटी है। वो भी लिखित दस्तावेज के साथ, भिलाई में हमारी तीन शाखा है। 58 ए मार्केट, प्राईम कैरियर इंस्टीट्यूट सेक्टर-10, 178 व 179 न्यू सिविक सेंटर, तीसरा 262 जोनल मार्केट में संचालित है। छात्र-छात्राएं उपरोक्त पतों पर नामांकन करवा सकते है। विशेष जानकारी के लिए संपर्क करें। मो. नं. 83195-71812 advt

# बढ़ती महंगाई और सांसद की निष्क्रियता को बनाया मुद्दा, कांग्रेस ने निकाली तीन रैलियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

लोकसभा चुनाव में मतदान से पहले बुधवार को थमे चुनाव प्रचार के अंतिम दिन कांग्रेस ने भी शहर में तीन रैलियां निकाली। बढ़ती महंगाई और सांसद की निषक्रियता को अपना मुद्दा बनाते कांग्रेसियों ने केंद्र की भाजपा सरकार को घेरा। शहर के तीन दिशाओं से निकली रैली का समापन जयस्तंभ चौक में हुआ, जहां एक सभा का आयोजन भी किया गया था।

कांग्रेस की रैली में जहां कुछ कार्यकर्ता ठेले में पकोड़ा तलते हुए दिखाई दिए। वहीं सिलेंडर के बढ़ते दाम का विरोध करने भी कुल कार्यकर्ता सिलेंडर लेकर पहुंचे थे। इसके साथ ही जीएसटी को गब्बर सिंह टैक्स बताने वाली तख्ती भी कांग्रेसियों ने अपने साथ ली हुई थी। इसके साथ ही लापता सांसद और निष्क्रिय सांसद के नारे भी पूरी रैली के दौरान गूंजते रहे।





### जयस्तंभ चौक में सभा भी

कांग्रेस अंतिम दिन बुधवार को तीन रैलियां शहर में निकाली गई। पहली जयस्तंभ चौक से, दूसरी दिग्विजय चौक से और तीसरी स्टेशन रोड से रैली निकाली गई। यह तीनों ही रैली शहर का भ्रमण करते जयस्तंभ चौक पर समाप्त हुई, जहां करीबन दो बजे एक सभा का आयोजन किया गया था। इस सभा में स्थानीय कांग्रेसी नेताओं ने मोदी की विफलता गिनाने का काम किया। रैलियों में बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# देश में तीसरी बार मोदी को प्रधानमंत्री बनाने के लगे नारे, भाजपा ने निकाली शहर में रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रचार-प्रसार के अंतिम दिन भाजपा ने भी शहर में एक रैली निकाली। इस रैली में महिलाओं की अधिक संख्या दिखाई दी। भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे भी इस रैली में उपस्थित रहे। इस रैली में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनाने के साथ ही पीएम मोदी को फिर से देश की कमान देने का नारा लगता रहा।

इस रैली से पहले फ्लाई ओवर के नीचे भाजपा ने एक सभा का भी आयोजन किया था। सभा में सांसद संतोष पांडे के साथ पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने भी संबोधित किया। सभा में मंच संचालन शिव वर्मा ने किया। वहीं शहर में निकली रैली के दौरान भाजपा नेताओं ने महतारी वंदन योजना, किसानों को 3100 रुपए के अलावा केंद्र की योजनाओं का भी उल्लेख जनता के सामने किया। इस दौरान भाजपा युवा मोर्चा के साथ ही महिला मोर्चा और वरिष्ठ नेता भी उपस्थित रहे।



### महिलाओं की रही अधिक उपस्थिति

भाजपा द्वारा बुधवार को निकाली गई रैली में महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं की अधिक उपस्थिति नजर आई। बड़ी संख्या में शहर के सभी इलाकों से महिलाएं इस रैली में शामिल होने पहुंची थी। रैली के दौरान वरिष्ठ भाजपा नेताओं की मौजूदगी भी देखने को मिली। वहीं सांसद प्रत्याशी संतोष पांडे भी इस रैली में शामिल रहे। पूरी रैली के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी के नाम के भी नारे लगते रहे।



## खबर संक्षेप

### नांदगांव आरपीएफ की नई प्रभारी बनी तरूणा



**राजनांदगांव।** राजनांदगांव आरपीएफ की सुरक्षा की जिम्मेदारी निरीक्षक श्री तरूणा साहू को सौंपी गई है। रेल्वे प्रशासन ने एक आदेश जारी कर तरूणा का मंदिर हसौद से राजनांदगांव में तबादला किया है। श्रीमती साहू ने आज यहां अपना पदभार भी ग्रहण कर लिया है। तरूणा की पंडवानी गायिका के रूप में भी पहचान है। उन्हें हाल ही में अयोध्या में उत्तरप्रदेश संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित एक समारोह में पंडवानी कार्यक्रम की प्रस्तुति के लिए आमंत्रित किया गया था। वह सोशल मीडिया में अपने धार्मिक कार्यक्रमों और पंडवानी के अंश को पोस्ट करती है। उनके फैनफालोइंग की खासी तादाद है। हाल ही में उन्होंने अयोध्या में मुसरा की एक मंडली के साथ कार्यक्रम की प्रस्तुति दी थी। तरूणा साहू का धार्मिक कार्यक्रमों में झुकाव रहा है। वह आरपीएफ में अपनी ड्यूटी की बदौलत अच्छे अफसरों में गिनी जाती है। हाल ही में उन्हें कई सामाजिक संस्थानो और मीडिया समूहो द्वारा भी सम्मानित किया गया है।

इधर मौजूदा आरपीएफ निरीक्षक प्रशांत अल्दक का डोंगरगढ़ आरपीएफ में स्थानांतरण हुआ है। अल्दक ने भी अपने कार्यकाल में कई अहम मामलों में कार्रवाई की। गांजा तस्करी से लेकर अन्य आपराधिक घटनाओं का उन्होंने खुलासा किया।

## अचानक आई आंधी से 20 लाख रुपए का नुकसान

# तेज आंधी से मकानों के टीन छप्पर उड़े, साठ से अधिक पोल क्षतिग्रस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मंगलवार की रात मौसम ने अपना रौद्र रूप दिखाया और पलक छपकते तेज आंधी से देखते ही देखते कई पेड़ और विद्युत पोल धराशाही हो गए। कुछ घरों के छत में लगे टीन छप्पर भी उड़ गए। आंधी से सर्वाधिक नुकसान विद्युत विभाग को झेलना पड़ा। इस दौरान विद्युत पोल और ट्रांसफार्मर के क्षतिग्रस्त होने से दर्जनों गांवों में ब्लैक आउट के हालात निर्मित हुए।

मौसम विभाग ने पूर्व में यलो अलर्ट जारी कर कुछ जगहों पर बारिश होने की संभावना जताई थी, लेकिन मंगलवार को मौसम का कुछ अलग ही रूख देखने को मिला। रात के करीब 9 बजे से अचानक मौसम में बदलाव हुआ और अचानक तेज आंधी चलने लगी। आंधी इतनी तेज थी कि पलक छपकते सबको अपने आगोश में लेने लगी। इस दौरान तेज आंधी की चपेट में कई मकानों के छत पर लगे टीन छप्पर उड़ने लगे। कई पेड़ और विद्युत पोल भी क्षतिग्रस्त हो गए। बताया जाता है कि जिले के शहर सहित ग्रामीण इलाकों में लोगों को काफी नुकसान उठाना पड़ा है। विद्युत पोल और ट्रांसफार्मर के क्षतिग्रस्त होने से जिले के दर्जनों गांव अंधेरे में डूबा रहा। आंधी थमने के बाद विद्युत विभाग का अमला विद्युत व्यवस्तता दुरुस्त करने में जुटा रहा, लेकिन कई जगहों पर ज्यादा नुकसान होने के कारण कई गांव रातभर अंधेरे में डूबा रहा।



### छुरिया के दो दर्जन गांव में ब्लैक आउट

जानकारी के अनुसार आंधी से सर्वाधिक नुकसान छुरिया के गांवों को पहुंचा है। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार छुरिया के नारायणगढ़ क्षेत्र में पोल व ट्रांसफार्मर के डीपी गिरने से इस इलाके के दो दर्जन गांव में ब्लैक आउट के बीच ग्रामीणों को रात गुजारनी पड़ी। बुधवार को सुबह से अमला फॉल्ट ठीक करने में जुटा रहा।



**शहर से गांव तक यही नजारा:** इस दौरान ग्रामीणों को पूरी रात गर्मी के बीच अंधेरे में काटनी पड़ी। जानकारी के अनुसार जिले में आंधी से कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन एक अनुमान के मुताबिक ग्रामीणों को नुकसान काफी पहुंचा है। शहरी इलाकों में भी इस आंधी से होर्डिंग्स, पेड़ से लेकर टीन छप्पर उड़ने की खबर है। तेज आंधी के चलते सड़कों पर पेड़ के पत्तियों और कचरों का अंबार लग गया था। सब तरफ कचरों का ढेर से वाहन चालकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

### दूसरे दिन मरम्मत में जुटे रहे ग्रामीण

बुधवार सुबह से ग्रामीण आंधी से हुए नुकसान को ठीक करने में व्यस्त दिखाई दिए। रात की आंधी से गरीबों को ज्यादा नुकसान पहुंचा है। टीन छप्पर के मकानों में रहने वाले ग्रामीण दूसरे दिन अपने मकानों को मरम्मत करते नजर आए। आंधी की वजह से कुछ गरीबों को भारी नुकसान पहुंचाने की जानकारी मिली है। कुछ जगहों पर पेड़ धराशाही हो गए थे। उसे हटाने में भी ग्रामीणों ने काफी मशक्कत की।

### रातभर जुटा रहा विभाग का अमला

आंधी चलने के दौरान विद्युत विभाग को सर्वाधिक नुकसान उठाना पड़ा है। आंधी से कई जगहों पर पोल और ट्रांसफार्मर क्षतिगस्त हो गए। रातभर विद्युत विभाग का अमला नुकसान और फॉल्ट ढूंढने में जुटा रहा। कुछ जगहों पर रात में ही फॉल्ट ढूंढकर विद्युत व्यवस्था दुरुस्त कर दी गई, जहां पोल गिरे थे और ट्रांसफार्मर को नुकसान पहुंचा था। वहीं दूसरे दिन सुबह से अमला व्यवस्था दुरुस्त करने में जुटा रहा।

# पैसा नहीं देने पर पुत्र ने की थी मां की हत्या, कुआं में फेंका शव

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पैसे की मांग करने पर मां ने अपने पुत्र को इसलिए पैसा देने से मना कर दिया कि वह शराब पीकर पैसा को उड़ा देता है। जिससे आक्रोशित होकर पुत्र ने अपनी मां पर हमला कर हत्या कर दी और शव को कुंए में फेंक दिया था। इस मामले की जांच करते पुलिस ने आरोपी पुत्र को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार 23 अप्रैल को प्रातः थाना घुमका पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम बिजेतला निवासी श्रीमती कांतिबाई साहू 65 वर्ष की संदेहास्पद मृत्यु हुई है। जिसके शव को घर में स्थित कुंए में से निकाला गया है। इस सूचना पर पुलिस स्टाफ मौके पर घटनास्थल पहुंची। मर्ग कायम कर जांच शुरू की। घटनास्थल व शव निरीक्षण के दौरान प्रथम दृष्टया मृतिका कांतिबाई साहू को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा भारी वस्तु से उसके सिर, माथे, चेहरे व गर्दन में गंभीर चोंट पहुंचाकर हत्या करना तथा शव को छिपाने के उद्देश्य से मृतिका के घर के कुंए में फेंकना पाए जाने पर मौके पर अज्ञात व्यक्ति के विरूद्ध धारा-302, 201 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया था।



### उतई क्षेत्र में पकड़ाया आरोपी

विवेचना के दौरान यह तथ्य सामने आया कि घटना के बाद से मृतिका का छोटा पुत्र टुमन परिजनों के जानकारी के बिना कहीं फरार है एवं मृतिका का पहना हुआ चांदी का करधन भी गायब है। पतासाजी के दौरान आरोपी टुमन साहू का लोकेशन दुर्ग जिले के उतई क्षेत्र में मिलने से टीम गठित कर आरोपी के लोकेशन दुर्ग जिले के उतई क्षेत्र में पहुंचे, जहां आरोपी टुमन साहू 32 वर्ष मोटर साइकिल से बालोद की तरफ भागने का प्रयास कर रहा था, जिसे पूछताछ हेतु 23 अप्रैल को हिरासत में लेकर थाना लाया।

### लोहे के हथौडे से किया था वार

पुलिस के अनुसार पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया गया कि उसे बैगा गुनिया के ईलाज हेतु 36 हजार रुपए की आवश्यकता थी। आरोपी द्वारा 23 अप्रैल के करीब 7 बजे जब उसकी माता व आरोपी दोनों घर पर ही थे, उस समय आरोपी पुत्र ने अपनी मां से पैसों की मांग किया। मां कांतिबाई द्वारा शराब पीकर उड़ा देते हो कहकर नहीं दूंगी, कहकर डांटने लगी, जिस बात से आरोपी पुत्र आक्रोशित होकर अपनी मां को घर के परछी में रखे लोहे के हथौडे से लगातार सिर, माथा व चेहरे पर वारकर हत्या करना तथा मृतिका के पहने चांदी के करधन को निकालकर अपने पास रख लिया। शव को छिपाे के उद्देश्य के घर के ही कुंए में फेंक कर चांदी के करधन को लेकर मोटर साइकिल से फरार होकर धमधा क्षेत्र के गांव पेंड्रावन में ज्वेलर्स के पाए मृतिका के करधन को बेचकर पैसे लेकर वहां से बालोद तरफ भागने की फिराक में था।

**लोहे का हथौडा सहित करधन व नगदी बरामद :** आरोपी के मेमोरंडम कथन के आधार पर घटना में प्रयुक्त लोहे का हथौडा, खून से सना हुआ आरोपी का कपड़ा, मोटर साइकिल, चांदी का करधन व नगदी 40,280 रुपए को बरामद कर जब्त किया गया। आरोपी के विरूद्ध पर्याप्त साक्ष्य सबूत पाए जाने पर आरोपी टुमन साहू को 24 अप्रैल को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड हेतु माननीय न्यायिक मजिस्ट्रेट राजनांदगांव के समक्ष पेश कर जेल दाखिल किया गया।

# प्रचार का शोरगुल थमा, आज बंटेगी दलों को मतदान सामग्री, वोटिंग कल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

लोकसभा चुनाव को लेकर बुधवार की शाम छह बजे प्रचार-प्रसार का दौर थम गया है। अब आज मतदान दलों को सामग्री का वितरण किया जाएगा। वहीं दुरस्थ गांव के बूथ में आज ही मतदान दल रवाना भी हो जाएंगे। कल राजनांदगांव लोकसभा में सुबह 8 बजे से मतदान होना है।

उल्लेखनीय है कि देशभर में जारी लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में शामिल राजनांदगांव सीट पर 26 अप्रैल को मतदान है। इससे पहले प्रशासन और पुलिस ने अपनी पूरी तैयारी कर ली है। सुरक्षा बलों की तैनाती के साथ मतदान दलों को ट्रेनिंग दी जा चुकी है।



### मोहला मानपुर में पहले थमेगा मतदान

मिली जानकारी के अनुसार लोकसभा क्षेत्र की सात विधानसभा सीट में सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान चलेगा। वहीं मोहला मानपुर विस में सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक मतदान कराया जाएगा।

### शराब दुकानों पर ताला

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी संजय अग्रवाल ने मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व से लेकर मतदान समाप्ति तक पूर्णतः बंद रखने के लिए शुष्क अवधि घोषित किया है। जिले की सीमा से लगे अन्य राज्य के जिले एवं राजनांदगांव जिले से लगे जिले की 3 किलोमीटर की दूरी में स्थित मदिरा दुकानों को बंद रखने पत्र प्रेषित किया गया है।

## पुलिस की अलग-अलग टीम ने जिलेभर में एक साथ की कार्रवाई

# होटल, लॉज और ढाबों में दबिश देकर की चेकिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले में आदर्श आचार संहिता के सख्ती से पालन एवं शांतिपूर्ण व निष्पक्ष रूप से चुनाव संपन्न कराने हेतु होटल, लॉज एवं ढाबों में चेंकिंग अभियान चलाया गया।

पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस पुलिस अधीक्षक मुकेश ठाकुर एवं अतिरिक्त पुलिस अधिक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में लोकसभा चुनाव को लेकर सभी थानों में चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।

### चेकिंग के लिए पांच पाइंट

चेकिंग के लिए विशेष तौर पर शहर के आउटर में 5 स्थितिक पॉइन्ट लगे हैं और 1 स्थितिक पॉइन्ट डोंगरगढ़ में लगा है, जो अन्यत्र जिला व शहर के अंदर आने वाले वाहनों की गहनता से चंकिग कर रहे हैं। दूसरे जिलों, राज्य से आकर मतदान में गड़बड़ी, उपद्रव करने वालों पर नजर रखने के लिए होटल और ढाबों का चेकिंग अभियान चलाया गया। आदर्श आचार संहिता के तहत लोकसभा क्षेत्र के बाहर का व्यक्ति लोकसभा निर्वाचन के 48 घंटा पूर्व किसी वैध कारण के बिना जिले में नहीं रहेंगे और चुनाव से संबंधित प्रचार-प्रसार नहीं करेंगें। इस हेतु राजनांदगांव शहर क्षेत्र के कई होटलों की चेकिंग की गई।



### फोर्स ने किया फ्लैग मार्च

चुनावी शोरगुल के थमने के बाद पुलिस और फोर्स ने आज शाम शहर में फ्लैग मार्च भी किया। इस दौरान कलेक्टर संजय अग्रवाल और एसपी मोहित गर्ग भी मौजूद रहे।

### ठहरने वालों की आईडी जांच करने हिदायत

चेकिंग के दौरान होटल, लॉज के रजिस्टर को चेक किया गया। बाहर से आकर लोकसभा चुनाव के प्रचार-प्रसार में भाग लेने वाले सभी बाहरी लोगों को 24 अप्रैल की संध्या 6 बजे के पहले वापस जाने को कहा गया। साथ ही उनका अन्य दस्तावेजों की जांच की गई। सभी होटल, लॉज संचालकों को निर्देश दिया गया कि बाहर से आकर ठहरने वाले आगंतुकों की आईडी आदि की जांच करें, कोई संदिग्ध व्यक्ति मिले तो उसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें।

## खबर संक्षेप



### मतदाताओं को किया जागरुक

**डोंगरगढ़।** शहर में स्वीप के तहत रैली का आयोजन किया गया, जिसमें निकाय के अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए। रैली के माध्यम से शहर की जनता से मताधिकार का प्रयोग करने का आव्हान किया गया। शत प्रतिशत मतदान कर लोकतंत्र को मजबूत करने प्रेरित किया गया। अंत में सभी को मतदाता शपथ दिलाया गया।

### अंग्रेजी विभाग ने मनाई शेक्सपियर की जयंती



**डोंगरगढ़।** नेहरू महाविद्यालय के अंग्रेजी विभाग ने विलियम शेक्सपियर की 460 वीं जन्म वर्षगांठ प्राचार्य डॉ. ईव्ही रेवती के निर्देशन एवं अंग्रेजी विभाग के विभागाध्यक्ष गुलशन सिन्हा के मार्गदर्शन में मनाया। मुख्य अतिथि इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. आशा चौधरी थी। डॉ. चौधरी ने विलियम शेक्सपियर को न सिर्फ इंग्लैंड के नाटककार बताया बल्कि दुनिया में जितनी भी भाषा है उसमें उसके नाटक एवं कविता का अनुवाद होने के कारण विश्व स्तर के नाटककार एवं साहित्यकार बताया।अंग्रेजी विभागाध्यक्ष गुलशन सिन्हा ने उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में सिद्धार्थ, दीपाली, रामकिशोर, लोकेश्वर, प्रेरणा, फरहिन, शायना, निकिता आदि ने अपने विचार व्यक्त किए। संचालन पदमा खुटे एवं आभार प्रदर्शन अंजलि देवांगन ने किया।

बुधवार को भाजपा-कांग्रेस के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने झोंकी ताकत

# प्रत्याशियों ने कहा, वोटरों ने सुना प्रचार थमा, मतदान होगा 26 को







हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

लोकसभा के लिए आगामी 26 अप्रैल को मतदान होगा। बुधवार शाम को चुनाव प्रचार थम गया। अंतिम दिन भाजपा, कांग्रेस के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने प्रचार अभियान में अपनी पूरी ताकत झोंका।

कार्यकर्ताओं ने रैली निकाल कर अपनी ताकत दिखाने का प्रयास किया। उल्लेखनीय है कि सांसद संतोष पांडेय का सामना पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से है। श्री बघेल की उम्मीदवारी के कारण यह चुनाव काफी हाई प्रोफाईल हो गया है।

### अंतिम दिन लगाया जोर

प्रचार के अंतिम दिवस पूर्व विधायक कोमल जंघेल ने गाडाडीह, भोजली, गातापार, छिंदारी का दौरा किया। इससे पूर्व छुईखदान, गंडई एवं साल्हेवारा मंडल के विभिन्न ग्रामो मे जन संपर्क क़यिा। उन्होंने झूरानदी, बाईकटोरी, भदेरा, पैलीमेटा, मानपुर नाका, दौजरी, चकनार, ठंडार, ओटेबंद, नवागांव लोधी, बिचारपुर, भरदागोड़, कुकुरमुड़ा, कुटेलीखुर्द, कोर्राय, शाखा पहुंचकर जनसंपर्क किया।

### भूपेश ने स्वयं संभाला मोर्चा

लोकसभा चुनाव में अपनी जीत दर्ज करने के लिए कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल खुद मोर्चा संभाले दिखे। इस क्षेत्र में कांग्रेस के किसी भी बड़े नेता की सभा या दौरा नहीं हुआ जबकि भाजपा के पक्ष में गृह मंत्री अमित शाह ने खैरागढ़ में सभा को संबोधित किया था। कांग्रेस की तरफ से विधायक यशोदा नीलाम्बर वर्मा, मोतीलाल जंघेल, गजेन्द्र ठाकरे, गुलशन तिवारी, रामकुमार पटेल, भिम्नेश यादव, दिलीप ओगरे, अशोक जंघेल, विजय वर्मा, कामदेव जंघेल, ममता पाल, विप्लव साहू, संजू चंदेल, रणजीत सिंह, हेमंत वैष्णव, प्रमोद सिंह सहित पसीना बहाते रहे।

### स्थानीय नेताओं पर भरोसा

प्रचार के नजरिए से देखा जाए तो भूपेश बघेल की तुलना संतोष पांडेय का दौरा कम हुआ। क्षेत्र में कांग्रेस विधायक होने बावजूद श्री बघेल ने 50 से अधिक गांव का दौरा कर प्रचार किया है। वहीं संतोष पांडेय चुनिंदा गांव में ही जनसंपर्क कर पाए। इस विधान सभा में भाजपा को जीत दिलाने की जिम्मेदारी स्थानीय भाजपा नेता एवं कार्यकर्ताओं को सौंपा गया है। पूर्व विधायक कोमल जंघेल, विक्रांत सिंह, खम्हन ताम्रकार, निजाम सिंह मंडावी सहित अन्य ने जीत के लिए पूरा जोर लगा दिया था।

### कांग्रेसजनों ने किया जनसंपर्क



**डोंगरगढ़।** प्रचार थमने के पहले कांग्रेसजनों ने वार्ड 16, 17, 12 के साथ गोलबाजार, जैन मंदिर से बुधवारी पुल तक कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल के पक्ष में जनसंपर्क किया। इस दौरान डॉ थानेश्वर पाटिला, प्रदीप शर्मा, धीरज मेश्राम, संध्या देशपांडे, संजय श्रीवास्तव, संजीव गोमास्ता, कृष्ण कुमार बघेल, रामजी तराने, किरण मेश्राम, जितेन्द्र भाटिया, हरिश भंडारी, एडविन हैदर, शिशुपाल भारती, रूपचंद खोब्रागढ़े, धन्ना गणवीर, राजकुमार गरेवाल, गणेश मुदलियार, नरेश करसे, संजीव बक्सरे, संजय फुले, मनोज रजक, दुलीचंद बडोले, भाऊदास बंजारे सहित अन्य उपस्थित थे।

### श्रीमती साय पहुंची मोंगरा

**अंबागढ़ चौकी।** मोंगरा में भाजपा की सभा में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की धर्मपत्नी कौशल्या देवी साय शामिल हुई। इस मौके पर उन्होंने कहा कि मोदी सरकार एवं छत्तीसगढ़ सरकार ने जनहित में कार्य किया है। महिलाओं को सशक्त बनाया है। मोदी सरकार ही सबकों सुरक्षित रख सकती है। उन्होंने ग्रामीणों ने भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की।




### विकास के लिए मोदी जरूरी

**छुरिया।** जिला भाजपा किसान मोर्चा अध्यक्ष हीरेंद्र कुमार साहू ने खुज्जी विधानसभा क्षेत्र का दौराकर भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे के पक्ष में प्रचार किया। इस मौके पर उन्होंने ग्रामीणों से रूबरू होते हुए कहा कि देश को वर्तमान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जरूरत है क्योंकि उन्होंने सभी के लाभ के लिए योजनाएं लांच किया। वहीं उनके नेतृत्व में देश निरंतर विकसित हो रहा है। उन्होंने बताया कि किसानों की दशा बदलने के लिए प्रधानमंत्री ने किसान सम्मान निधि योजना और गरीबों के घर का सपना साकार करने प्रधानमंत्री आवास योजना शुरू किया। श्री साहू ने करेठी, चिरचारी, चांदो, बागद्वार, खुर्सीटिकुल, बिटाल, खुर्सीपार, मुचेदंड, आतरगांव, पदगुड़ा, केरेगांव, बादराटोला का दौरा कर ग्रामीणों से भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की है। इस दौरान गोपालदास साहू, एकांत चंद्राकर, दिग्विजय साहू, टुमेश कुमार साहू, ओम प्रकाश साहू, पुखराज देवांगन, खिलावन देवांगन, मधुसूदन देवांगन, गणेशाराम, कीर्तन कोसरे, मनखुशी बघेल, टुमन सिंह, महेश यादव, भागवत नायक, राकेश साहू आदि उपस्थित थे।

### मांगा ग्रामीणों से समर्थन



**मुसरा।** जिला पंचायत सदस्य महेन्द्र यादव आदि ने गत दिनों कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल के पक्ष में धुसेरा, भैंसरा, नागतराई एवं हरणसिंघी में डोर टू डोर प्रचार किया। उन्होंने ग्रामीणों से कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने का आग्रह किया। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुरेश सिन्हा, सेक्टर प्रभारी दिनेतु जांगड़े सहित अन्य उपस्थित थे।

### भाजयुमो ने किया जनसंपर्क



**पटेवा।** प्रचार थमने के पहले युवा मोर्चा घुमका मंडल के कार्यकर्ताओं ने बाइक रैली निकालकर दर्जनों ग्रामों का भ्रमण किया। उन्होंने नरेंद्र मोदी को पुनः प्रधानमंत्री के लिए भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडेय को पुनः सांसद बनने का आव्हान किया। इस दौरान पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, मंडल प्रभारी उज्जवल कसेर, मंडल अध्यक्ष ललित साहू, जनक साहू, रवि वर्मा, अक्षय, लक्की साहू, अनिल नागपुरे, साकेत वैष्णव, कमलेश साहू, तीजू यादव, बंशी साहू, डिलेश साहू आदि उपस्थित थे।

हनुमान मंदिरों में हवन पूजन का आयोजन

# हनुमान जन्मोत्सव पर निकाली शोभायात्रा, नाचते गाते शामिल हुए भक्त





हरिभूमि न्यूज ⏭ चारभांठा

ग्राम में श्री राम भक्त युवा समिति ने हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। पूजन, हवन के बाद हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। समिति के सदस्यों ने भव्य शोभायात्रा निकाला।

झांकी और जय श्री राम के नारे के साथ नाचते गाते गांव का भ्रमण किया गया। अंत में प्रसादी वितरण किया गया। कार्यक्रम में अशोक साहू, निरंजन साहू, छोटू सिन्हा, मनोहर, भूषण, रोहित, सुरेन्द्र, कुंभज देवांगन, हनुमान दास, कृष्ण कुमार दुबे, मुरली साहू, मोनू साहू, ऋषिराज, खोमेश, नीरेंद्र, भूपेंद्र, दुर्गेश साहू, तेजेश, देवदत्त, नाथूराम, गिरजाशंकर, दुष्यंत, पीतांबर, गगन, सत्यम, चैनल, अजय, गोलू, रितेश, पुष्पराज, हिमांशु, प्रियांशु, दानू, पूसू, सूरज, लाला, चंपू, वैभव सहित अन्य मौजूद थे।

**बांधाबाजार।** गर्रापार में हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। शंभू ग्रुप के सभी युवा और सभी ग्रामीण राममय होकर जमकर झूमे। सर्वप्रथम गौरा चौक के पास शिवलिंग स्थापित कर प्राण प्रतिष्ठा किया गया। उसके पश्चात साथ कीर्तन भजन और जयकारा लगाते हुए शोभायात्रा निकाला गया। बजरंगबली मंदिर में हनुमान चालीसा पाठ तथा हनुमान अष्टक पाठ के साथ आरती किया गया। इस दौरान प्रसादी वितरण किया गया। जन्मोत्सव में भगवान दास, गुरुशरण साहू, अमोल दास, बीरबल निषाद, पूरण साहू, खेलन साहू, चतुर साहू, कैलाश साहू, दिलीप साहू सहित अन्य शामिल हुए।

**चिचोला।** ग्राम पंचायत घोघिडबरी स्थित हनुमान मंदिर में जय हनुमान भक्त समिति ने भगवान महावीर का प्रकटोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान माता बहनों ने कलश यात्रा निकाला। हनुमान मंदिर से पूजा अर्चना निकली कलश यात्रा ने गांव का भ्रमण किया। गांव के चौक चौराहों से होते हुए कलश यात्रा वापस मंदिर पहुंची। यहां पूजा अर्चना की गई। सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। हवन पूजन के बाद प्रसादी वितरण किया गया।

### हुए विविध आयोजन

**गंडई पंडरिया।** हनुमान जन्मोत्सव को लेकर नगर में विविध आयोजन किया गया।टिकरीपारा स्थित दैहान में युवाओं ने डीजे के साथ शोभायात्रा निकाला जो नगर की विभिन्न गलियों में गुजरी। इस दौरान प्रसादी वितरण किया गया। इसी प्रकार पंडरिया के ताम्रकर परिवार ने वार्ड 5 स्थित राधाकृष्ण मंदिर में सुंदरकांड का पाठ आयोजित किया। राहगीरों को शर्बत और प्रसादी का वितरण किया गया।



# मृतक शिक्षक की पत्नी को दी अनुग्रह राशि

## कलेक्टर ने दिया 15 लाख का चेक, अनुकंपा नियुक्ति चुनाव के बाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया



सड़क दुर्घटना में मृत शिक्षक विजय लाल रजक के गृहग्राम पेंडरवानी जाकर कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने 15 लाख का चेक उनकी पत्नी को परिवारजनों के सामने प्रदान किया। उल्लेखनीय है कि गत 15 अप्रैल को शिक्षक विजय लाल रजक चुनाव प्रशिक्षण के बाद घर लौटने के दौरान नर्मदा से चकनार के बीच ट्रेलर की चपेट में आ गए थे जिससे उनकी मौत हो गई थी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्रकांत वर्मा के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन ने आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने के संबंध में मृतक शिक्षक की पत्नी पूर्णिमा रजक के नाम का प्रस्ताव मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ को भेजा था। प्रस्ताव के आधार पर 15 लाख का चेक मृतक शिक्षक की पत्नी को प्रदान किया गया था। कलेक्टर श्री वर्मा ने पेंडरवानी पहुंचकर परिवार को ढांढस बंधाया और चेक प्रदान किया। इस दौरान अपर कलेक्टर प्रेमकुमार पटेल, संयुक्त कलेक्टर सुरेश कुमार ठाकुर, एसडीएम रेणुका रात्रे, जिला शिक्षा अधिकारी लालजी द्विवेदी, ब्लाक शिक्षा अधिकारी रमेन्द्र कुमार डड़सेना के अलावा मृतक के बड़े भाई, पुत्र झमेन्द्र रजक, पुत्री दीपिका रजक, शिक्षक योगेंद्र कश्यप, मुकेश कश्यप, शेष नारायण साहू, प्रदीप चौधरी, प्रदीप सिंह राजपूत, पिताम्बर सिंह राजपूत, सरपंच खुमेश बंजारी, संतराम बंजारी, आनंददास, ईदंल साहू सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

### दी राशि

जिला शिक्षा अधिकारी लाल जी द्विवेदी ने बताया कि मृतक शिक्षक की पत्नी को 15 लाख का चेक कलेक्टर ने घर जाकर दिया गया है जिससे मृतक के परिवार को सबलता मिलेगी।

### चुनाव के बाद अनुकंपा

कलेक्टर श्री वर्मा ने बताया कि निर्वाचन में लगे अधिकारी कर्मचारी को व्यक्तिगत क्षति होती है तो निर्वाचन आयोग की ओर से अनुग्रह राशि दिया जाता है। इसी प्रक्रिया के तहत मृतक विजय लाल रजक की पत्नी को अनुग्रह राशि दिया गया है। मृतक के पुत्र की अनुकम्पा नियुक्ति के लिए सहमति प्राप्त हुई है जिसे निर्वाचन पश्चात पूरा किया जाएगा।

हरिभूमि पाठक सूचना
राजनांदगांव जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान
पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं
समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं
खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082

Health Town
डॉ. ठाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक
Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244
स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएँ जैसे
PCOD|मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्त्राव मासिक|
इनफर्टिलिटी | बच्चेदानी की गांठ | स्तन की गांठ
सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा
टॉंसिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।
शॉप नं.1,गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर
Online परामर्श उपलब्ध | दवाइयां कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा
Maa Ad.
विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप

### जिला पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

**खैरागढ़।** लोकसभा निर्वाचन स्वतंत्र, शांतिपूर्ण और निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने एसपी त्रिलोक बंसल के निर्देश पर एडिशनल एसपी नेहा पांडेय के नेतृत्व में पुलिस ने पिपरिया से खैरागढ़, ठेलकाडीह, जालबांधा, छुईखदान, गंडई क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला। एसपी त्रिलोक बंसल ने लोकसभा चुनाव निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से बिना किसी प्रकार के दबाव, कोई भी प्रलोभन के नागरिकों को अपने मताधिकार का उपयोग करने की अपील की है। असामाजिक तत्वों को चेक कर संदिग्ध लोगों से पूछताछ किया गया जिससे असामाजिक तत्वों में भय का माहौल बना रहेगा और आम जनता के मन में पुलिस के प्रति विश्वास बना रहे। फ्लैग मार्च में थाना खैरागढ़, ठेलकाडीह, छुईखदान, गंडई पुलिस स्टॉफ सहित बाहर राज्य से आए आईटीबीपी के 250 से अधिक अधिकारी, जवान शामिल हुए।

### अंधेरे में डूबे रहे आधा दर्जन गांव

**सड़क अतरिया।** क्षेत्र में मंगलवार की रात जमकर आंधी तूफान देखा गया। रात करीब 9 बजे तेज हवा चलना शुरु हुई। तथा गर्जना के साथ बारिश होने लगी। तूफान में वृक्षों की शाखाएं टूट कर गिर गई। झोपड़ी में ढका त्रिपाल आदि तहस नहस हो गए। कुछ दुकान के टीन शेड उखड़ गए। तेज आंधी से कुछ जगह पर बिजली का तार टूट गया जिसके चलते सड़क अतरिया, खैरा नवापारा, संड़ी, चकनार, गुमानपुर, खैरबना सहित अन्य गांव में रात भर अंधेरा छाया रहा। विभाग द्वारा बिजली सप्लाई शुरु करने की कवायद किया गया पर तेज हवा और बारिश के कारण फाल्ट नहीं ढूंढा जा सकता जिससे ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ा। लोग उमस और मच्छर से

## सुबह से देर शाम तक विभिन्न आयोजन, गूंजे जयकारे

# भक्ति-भाव एवं धूमधाम से मना रुद्रावतार हनुमान जन्मोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



शहर सहित पूरे इलाके हनुमान मंदिरों रुद्रावतार भगवान हनुमान का जन्मोत्सव पूरे भक्ति भाव से मनाया गया। पूजा अर्चना, हनुमान चालीसा और सुंदर कांड पाठ बाद हवन पूजन किया गया। इस दौरान छोटे-बड़े हनुमान मंदिरों में सुबह से देर शाम तक श्रद्धा और भक्ति का दौर चलता रहा। सिंगारपुर स्थित सुप्रसिद्ध दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर, बांके बिहारी बम्बई बाज मंदिर गोल बाजार, पीडब्ल्यूडी कॉलोनी स्थित बजरंगबली मंदिर, किल्लापारा स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर, टिकरापारा स्थित श्रीराम मंदिर बर्फानी धाम, नया टिकरापारा स्थित राधा माधव मंदिर, इतवारी बाजार स्थित हनुमान मंदिर, दाऊचौरा स्थित बजरंगबली मंदिर व विवि कैम्पस दो स्थित हनुमान मंदिर सहित ग्रामीण अंचल के विभिन्न गांवों में स्थित हनुमान मंदिरों में दिनभर पूजा अर्चना व साथ विविध आयोजन हुआ। मनोवांछित कामना पूर्ति के लिए हनुमान चालीसा के पाठ सहित चोला चढ़ाकर परंपरानुसार अलग-अलग तरीके से पूजा अर्चना की गई।

### निकाली भव्य शोभायात्रा

हनुमान जयंती पर मंदिरों में भंडारा प्रसादी का आयोजन दिन भर चलता रहा वहीं देर शाम वीर हनुमान सेवा समिति तुरकारीपारा के संयोजन में भगवान हनुमान की भव्य शोभायात्रा तुरकारी पारा स्थित शिव मंदिर परिसर से जय स्तंभ चौक, राजीव चौक, मस्जिद चौक, गोल बाजार, बक्शी मार्ग, इतवारी बाजार होते हुए वापस मंदिर पहुंची जहां पवन पुत्र भगवान हनुमान की परंपरानुसार महाआरती की गई। इस दौरान बजरंगियो ने नगर भ्रमण के दौरान श्रद्धालुओं को प्रसादी का वितरण भी किया। गौरतलब है कि वीर हनुमान सेवा समिति तुरकारी पारा के तत्वाधान में हनुमान जयंती के आयोजन का यह लगातार चौदहवॉ साल है जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने अपनी उपस्थिति दी। शोभायात्रा में बजरंगियों द्वारा अखाड़े का प्रदर्शन किया गया। आयोजन को सफल बनाने में सेवा समिति के प्रफुल्ल ताम्रकार, सुबोधकांत पांडेय, पंकज यादव, भुपेन्द्र गंगबोईर, विक्रम यादव, करण यादव, निक्कू श्रीवास, नरेश यादव, दिनेश गुप्ता, नरेंद्र श्रीवास, हर्षल गुप्ता, कृष महोबे, मानस यादव, सुनील यादव, विकास यादव, सौमित्र श्रीवास, आर्यन श्रीवास, प्रांजल गुप्ता पुजारी सतीश तिवारी सहित अन्य का योगदान रहा।

# कलेक्टर वर्मा को मिला चुनई तिहार का न्योता



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्रकांत वर्मा को चुनई तिहार का न्यौता मिल गया है। कलेक्टर निवास में श्री वर्मा को सपत्निक मतदाता संदर्शिका व पर्ची देकर बीएलओ ने 26 अप्रैल को अपने पोलिंग बूथ पहुंचकर मतदान के लिए आमंत्रित किया। मतदान न्यौता मिलने पर खुशी जाहिर करते हुए उन्होने मतदान तिथि को पहला काम मतदान करने का भरोसा दिया वही जिलेवासियों से भी सारे काम को छोड़कर सबसे पहले वोट करने की अपील की। गौरतलब है कि लोकसभा आम निर्वाचन को लेकर तय मतदान तिथि 26 अप्रैल को शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने की दिशा में व्यापक अभियान चलाया जा रहा है जिसके चलते जिलेभर में बीएलओ आम मतदाताओं तक पर्ची लेकर पहुंच रहे हैं ताकि आगामी निर्वाचन में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित हो। अपर कलेक्टर प्रेम कुमार पटेल और संयुक्त कलेक्टर सुरेन्द्र कुमार ठाकुर को बीएलओ ने जिला कार्यालय पहुंचकर मतदाता संदर्शिका व पर्ची देकर मतदान का न्यौता दिया। उन्होंने भी चुनई तिहार का न्यौता मिलने पर खुशी जाहिर करते हुए सभी से लोकतंत्र के महापर्व में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने और शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने की अपील की।

# बच्चों को स्वास्थ्य के प्रति किया जागरुक



**राजनांदगांव।** गायत्री विद्यापीठ में डॉ. प्रज्ञा सक्सेना का मार्गदर्शन कक्षा 6वीं से 12वीं के बच्चों को प्राप्त हुआ। उन्होंने बच्चों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते महत्वपूर्ण जानकारी दी एवं जंक फूड के सेवन से बचने की सलाह देते शरीर की प्रकृति के आधार पर खानपान लेने का सुझाव दिया। साथ ही विद्यार्थियों को आए दिन होने वाले विभिन्न शारीरिक समस्याओं का कारण और निदान बताया। प्रश्नोत्तरी के माध्यम से भी विद्यार्थियों ने स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का समाधान पाया। विद्यालय परिवार की ओर से डॉ. प्रज्ञा को गुरूदेव का साहित्य व दुपट्टा देकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य अमित उत्तलवार ने आभार व्यक्त करते उनके कार्यों की मुक्तकंठ से प्रशंसा करते समय-समय पर डॉ. प्रज्ञा से बच्चों को मार्गदर्शन देने की अपील की गई। उपप्राचार्य रश्मि ठाकुर द्वारा डॉ. प्रज्ञा का स्वागत सत्कार किया गया। गायत्री शिक्षण समिति द्वारा भी इस आयोजन की सराहना की गई। इस अवसर पर गायत्री शिक्षण समिति के अध्यक्ष बृजकिशोर सुरजन, उपाध्यक्ष राजेश जैन, संध्यादेवी सिंघल, सचिव गगन लड्ढा, सह-सचिव निकुंज सिंघल, कोषाध्यक्ष सूर्यकांत चितलांग्या, संरक्षक नंदकिशोर सुरजन, सुषमा सुरजन, सांस्कृतिक प्रभारी हरीश गांधी, रूपाली गांधी, प्रशासक अनिल बाजपेयी, उपप्राचार्य रश्मि ठाकुर एवं शिक्षकगण उपस्थित थे। उक्त जानकारी शाला की व्याख्याता उषा झा ने दी।

# बारिश के बाद उमस से बढ़ी परेशानी

## मौसम में बदलाव का असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ने लगा है

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़



गर्मी की शुरूवात के साथ होने वाली बारिश से लोग कुछ राहत जरूर महसूस कर रहे थे किन्तु बीते एक सप्ताह के तापमान ने अब तक का रिकार्ड तोड़ा है। मंगलवार की रात से अचानक तुफान और बारिश से कुछ राहत तो मिली किन्तु दूसरे दिन सुबह से तेज धूप एवं उमस ने लोगों को खासा परेशान कर दिया। मौसम में बदलाव का असर लोगों के स्वास्थ्य पर देखने मिल रहा है। इन दिनों लोग सर्दी, खासी, वायरल फीवर से प्रभावित हो रहे है। तेज गर्मी के चलते जलस्तर भी तेजी से घट रहा है जिससे पेयजल संकट गहराने लगा है। उल्लेखनीय है कि नवरात्रि के दौरान नगर पालिका एवं सिंचाई विभाग की लापरवाही के चलते लोगों को एक सप्ताह तक निस्तारी पानी के लिए रत जगा करना पड़ा। नगर पालिका ने दर्शनार्थियों और शहर के लोगों को टैंकरों से पानी उपलब्ध कराया था।

### तूफान में उड़े टीन शेड

नवरात्रि के बाद शादी सीजन चालू हो गया है। बारिश र आंधी के चलते कई शादी समारोह अव्यवस्थित हो गए। देर रात बारिश और तुफान से काफी नुकसान होने की खबर है। दुकानों के टिन शेड, होर्डिंग बोर्ड, बिजली खंबे उखड़ गए हैं। रात में कई घँटे लाईट गुल रही।

# पूर्व सीएम के मैदान में उतरने से रोचक हुआ मुकाबला, भाजपा ने भी झोंकी पूरी ताकत

- मतदान कल, मतदाताओं की नहीं टूटी चुप्पी
- दोनों ही दलों ने अंतिम समय तक किया प्रचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

दूसरे चरण में शामिल राजनांदगांव लोकसभा सीट में बुधवार को चुनाव प्रचार का दौर थम गया है। हालांकि अब भी मतदाताओं की चुप्पी नहीं टूटी है, लेकिन राजनांदगांव लोकसभा का चुनाव आज देश की हाई प्रोफ़ाइल सीटों में से एक जरूर बन गया है। दिलचस्प यह है कि इस हाई प्रोफ़ाइल लोकसभा सीट पर चुनाव प्रचार के लिए न प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आए, न कांग्रेस के दिग्गज नेता राहुल गांधी। कांग्रेस की ओर से प्रियंका गांधी ने मोर्चा संभाला तो भाजपा की ओर से अमित शाह, राजनाथ सिंह और योगी आदित्यनाथ सिंह ने कमान संभाली।

चुनाव अभियान जब से शुरू हुआ तो मुख्यमंत्री भूपेश बघेल इस चुनौती के साथ मैदान में उतरे थे कि राजनांदगांव संसदीय सीट के स्थानीय कांग्रेसी साथ होंगे या नहीं, लेकिन इसके विपरीत हर विधानसभा में कांग्रेसियों ने उनका भरपूर साथ दिया। दूसरी ओर बीजेपी ने भी अपने संगठन का पूरा दमखम चुनाव के रण में लगा दिया। हालांकि भाजपा का चुनावी कैंपेन मुख्य रूप से केंद्र सरकार की सफल योजनाओं के साथ मौजूदा पीएम मोदी को तीसरी बार पीएम बनाने को लेकर ही दिखा।

### भूपेश ने गिनाई उपलब्धियां

पूर्व सीएम भूपेश बघेल के पास गिनाने को पांच साल की अपनी सरकार के काम थे। खासतौर पर ग्रामीण इलाकों में वो घूम-घूमकर लोगों को याद दिलाते रहे कि कांग्रेस ने किस तरह गांव, किसान और खेतों की चिंता की थी और किस तरह उससे लोगों की आर्थिक स्थिति सुधरी थी। दूसरी तरफ बीजेपी प्रत्याशी संतोष पांडे ने मोदी सरकार द्वारा किए गए लोगों के लिए काम को गिनाया। पीएम आवास, उज्जवला योजना के साथ ही किसान सम्मान निधि, राज्य की महतारी वंदन योजना जैसी योजनाओ का जिक्र हर सभा में करते दिखे। भूपेश बघेल जहां भी जाते, उनका सवाल होता संतोष पांडे को जानते हैं? वहीं दूसरी ओर भाजपा ने कांग्रेस सरकार के दौरान जिले से तीन विभागों की शिफ्टिंग को भी मुद्दा बनाया। हालांकि कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल के लिए सकारात्मक बात यह थी कि आठ विधानसभाओं में से पांच विधानसभाओं में हाल ही में कांग्रेस ने जीत दर्ज की है। ये पांचों विधायक भूपेश बघेल के साथ बराबर खड़े भी दिखे। वहीं भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे के लिए संगठन ने अपने पूर्व सांसदों एवं पूर्व विधायकों को उतार मुकाबले को रोचक बनाने का काम किया।

# किसान कांग्रेस प्रदेश सचिव धर्मराज ने दिया इस्तीफा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



बीते 43 सालों से कांग्रेसी परचम उठाए किसान कांग्रेस के प्रदेश सचिव धर्मराज ताम्रकार ने पद और पार्टी से इस्तीफा दिया। किसान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष रामविलास साहू को पत्र लिखकर उन्होंने कहा कि आपसी गुटबाजी के चलते उन्हें कांग्रेस के आयोजनों से दूर रखने का प्रयास किया जा रहा है जिसके चलते उन्होंने पद और पार्टी से त्यागपत्र देने का निर्णय लिया है।

गौरतलब है कि पूर्व केंद्रीय मंत्री विद्याचरण शुक्ल के कट्टर समर्थक धर्मराज ताम्रकार बीते 43 सालों से कांग्रेस पार्टी से जुड़े हुए थे। बीते कुछ दिनों से पार्टी नेताओं के द्वारा राजनांदगांव सहित प्रदेश भर में विद्या समर्थकों को दरकिनार किया जा रहा था। लगातार हो रही इस प्रकार की घटना से क्षुब्ध होकर उन्होंने इसतीफा दिया है। धर्मराज ताम्रकार ने कहा कि राजनांदगांव में कुछ दिनों पहले आयोजित कार्यक्रम में सुरेंद्र दाऊ ने मंच में पूर्व सीएम भूपेश बघेल के उपस्थिति में कुछ भी गलत नहीं कहा था। पार्टी के लिए सालों से संघर्ष करने वालों निष्ठावानों का पांच सालों के सत्ता सरकार में न कोई काम हुआ और नहीं सम्मान हुआ जबकि कांग्रेस के खिलाफ काम करने वाले जोगी कांग्रेस के लोगों को प्रदेश में निगम मंडल मे विभिन्न पदों को सुशोभित किया।

पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने सुरेंद्र दाऊ को स्लीपर सेल कहा जो निन्दनीय है। इसी प्रकार चंद्रशेखर शुक्ला ने भी अपमान से आहत होकर समर्थकों के साथ कांग्रेस से इस्तीफा दिया है। इन्ही कारणों से आहत होकर उन्होंने अपना इस्तीफा प्रदेश अध्यक्ष को प्रेषित किया है।

# पूर्व मंत्री लखमा और विधायक ने किया जनसंपर्क, मांगा समर्थन

- भाजपा सरकार को हर मोर्चा पर बताया विफल

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



लोकसभा चुनाव मे कांग्रस प्रत्याशी पूर्व सीएम भूपेश बघेल के समर्थन मे पूर्व मंत्री कवासी लखमा और विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा ने ब्लॉक के मालूद, गेंड्रा, मंडला, पासलखैरा, सलिहा में नुक्कड़ सभा को संबोधित किया।

सभा मे पूर्व मंत्री कवासी लखमा ने कांग्रेस के न्याय संदेश को लेकर मतदाताओं को जानकारी दी वही अपने चिर परिचित ठेठ अंदाज मे भाजपा सरकार को हर मोर्चे पर विफल बताया।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस का घोषणा पत्र में पांच न्याय हिस्सेदारी न्याय, किसान न्याय, नारी न्याय, श्रमिक न्याय और युवा न्याय पर आधारित है।

### न्याय के साथ पांच गारंटी

युवा न्याय के तहत जिन पांच गारंटी की बात की है उसमें 30 लाख सरकारी नौकरी देने, हिस्सेदारी न्याय के तहत जाति जनगणना करने की गारंटी है। विधायक यशोदा वर्मा ने कहा कि भजपा नेता मोदी सरकार के दस साल के कार्यकाल की बात करना छोड़कर चुनावी सभा मे अनर्गल प्रलाप कर रहे है। यशोदा वर्मा ने कहा कि मोदी राज मे देश का किसान पेरशान है, युवा बेरोजगार है और महंगाई सुरसा की तरह बढ़ती जा रही है इन विषयो पर बात करना छोडकर भाजपा नेता अनर्गल बाते कर रहे है। इस अवसर पर नपा अध्यक्ष शैलेंद्र वर्मा, मनराखन देवांगन, नीरज चोपड़ा, किरण झा, अनुभव चंद्राकार सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे। गौरतलब है कि विधायक यशोदा वर्मा लगातार कांग्रेस के जमीनी कार्यकर्ताओं साथ विभिन्न ग्रामों में जाकर भूपेश बघेल के समर्थन में वोट देने की अपील कर रही है।

# सफाई में ढिलाई पर ठेकेदार को नोटिस

## आयुक्त ने वार्डों में सफाई व निर्माणाधीन कार्यो का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता तकनीकी एवं स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ प्रतिदिन सुबह वार्ड भ्रमण कर साफ-सफाई एवं निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा ले रहे हैं। इसी कड़ी में सोमवार को उन्होंने वार्ड नं. 14 के नेहरू नगर, टांकापारा, रेस्ट हाउस रोड एवं वार्ड नं. 15 के बल्देवबाग, नया बस स्टैंड का भ्रमण कर निर्माणाधीन विकास कार्य एवं सफाई व्यवस्था देख नया बस स्टैंड में सफाई में ढिलाई पर संबंधित ठेकेदार को नोटिस जारी कर राशि कटौती के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान आयुक्त गुप्ता टांकाघर में मोटर, जल एवं विद्युत विभाग के कर्मचारियों से रूबरू होकर उनके कार्यो के बारे में जानकारी लेकर ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते सुबह जल्दी काम लगाने के निर्देश दिए। टांकापारा व स्टेशन रोड के सार्वजनिक शौचालय का निरीक्षण कर साफ-सफाई, पानी आदि की व्यवस्था दुरूस्त करने संचालक को निर्देशित किया। उन्होंने स्टेशन रोड व डिवाईडर के किनारे साफ-सफाई करने, बल्देवबाग क्षेत्र में भी निर्धारित समय तक सफाई कराने वार्ड प्रभारी से कहा।

इसके अलावा नया बस स्टैंड में सफाई का जायजा लेकर सफाई में ढिलाई पर सुधार लाने तथा हाजिरी रजिस्टर की जांच कर रजिस्टर में कर्मचारियों की फोटो नहीं लगने व अनुपस्थिति लाल पेन से नहीं लगाने पर संबंधित ठेकेदार को नोटिस जारी कर चलित देयक से 5 हजार रुपए की राशि कटौती करने वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक राजेश मिश्रा को निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान सहायक अभियंता प्रणय मेश्राम, उप अभियंता डागेश्वर कर्ष, जिला समन्वयक एसबीएम देवेश साहू, मिशन क्लीन सिटी सहायक प्रभारी पवन कुर्रे, सहायक उद्यान प्रभारी दिलीप गिरी, प्र.पटवारी मिलिन्द रेड्डी उपस्थित थे।

### निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश

निर्माण कार्य निरीक्षण के दौरान आयुक्त गुप्ता ने नेहरू नगर में नाली निर्माण, कच्छ गुर्जर समाज के सामुदायिक भवन, बल्देवबाग में वैष्णव समाज सामुदायिक भवन तथा नया बस स्टैंड में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य देख निर्माण के गति लाने, मजदूर बढ़ाने, नियमित रूप से तराई करने ठेकेदार को निर्देशित करने कार्यपालन अभियंता यूके रामटेके से कहा। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों की प्रतिदिन मानिटरिंग कर भवनों का निर्माण जल्द पूर्ण कराएं, ताकि उसका लाभ समाज को मिल सके। उन्होंने नया बस स्टैंड में निर्मित व्यवसायिक परिसरों का निरीक्षण कर प्रीमियम की शेष राशि जमा नहीं करने वाले तथा किराया नहीं पटाने वाले दुकानदारों को नोटिस जारी करने के निर्देश संबंधित लिपिक प्रकाश साहू को दिए। उन्होंने कहा कि राशि व किराया जमा नहीं करने पर निगम प्रावधानों के विरूद्ध कार्रवाई करें।

# सीएम साय पहुंचे पूर्व सांसद यादव के घर, की सौजन्य भेंट

- फूल मालाओं के साथ किया भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय राजनांदगांव प्रवास के दौरान एक ही दिन में लगातार एक के बाद एक चुनावी सभाओं को संबोधित करते मतदाताओं से लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा प्रत्याशी एवं वर्तमान सांसद संतोष पांडे को पुनः भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। देर शाम मोतीपुर वार्ड के आजाद चौक में सभा के संबोधित करने के उपरांत मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय अपने पार्टी के स्टार प्रचारक एवं पूर्व सांसद मधुसूदन यादव के निज निवास पहुंचकर उनके परिजनों से सौजन्य भेंट की। इस दौरान मुख्यमंत्री साय के साथ सांसद संतोष पांडे, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह एवं जिला भाजपाध्यक्ष रमेश पटेल भी उपस्थित रहे।

### स्मृति चिन्ह किया भेंट

प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधुसूदन ने अपने निज निवास पर अपने परिवारजनों, इष्टमित्रों, समर्थकों एवं वार्डवासियों के साथ मुख्यमंत्री साय एवं अन्य अतिथियों का आरती उतारकर व फूलमालाओं एवं गुलदस्तों के साथ आतिशबाजी के बीच भव्य स्वागत किया और मोतीपुर स्थित अपने निज निवास पर उनके प्रथम आगमन पर स्वागत अभिनंदन किया और स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस दौरान मुख्यमंत्री साय, सांसद संतोष पांडे एवं पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने उपस्थित परिवारजनों एवं वार्डवासियों के साथ सेल्फी एवं फोटो खिंचवाकर उनका उत्साहवर्धन किया। मोतीपुर वार्ड में शाम से देर रात्रि तक मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के आगमन को लेकर वार्डवासियों में त्यौहारनुमा हर्ष एवं उत्साह का माहौल देखा गया।

### मतदान का लिया संकल्प

**राजनांदगांव।** फिटनेस स्वास्थ्य के लिए जरूरी है, तो वोट देश की मजबूती के लिए जरूरी है... इसके मद्देनजर पुष्प वाटिका में सुबह स्वीप अंतर्गत फिट राजनांदगांव, फिट वोटर्स, गुड मार्निंग राजनांदगांव कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

न्यायालय नजूल जाँच अधिकारी
राजनांदगांव (छ.ग.)
राजस्व मामला क्र. 202404093700013 अ-6 वर्ष 2023-24

// ईश्तहार //

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती कुसुमलता गुप्ता ध.प. स्व.रमेश गुप्ता एवं अन्य, निवासी-सिनेमा लाईन, वस्त्रालय के पास, थाना-कोतवाली, तहसील व जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर शहर राजनांदगांव के मोहल्ला गुड़ाखू लाईन स्थित शीट क्रमांक 48 ए. भूखण्ड क्रमांक-248, क्षेत्रफल 38.00 वर्गमीटर धारक शशिभूषण आ.रामनाथ गुप्ता, निवासी- राजनांदगांव के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। उक्त आवेदित भूमि पर नेशनल लोक अदालत के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है।

अतः उक्त भूमि/ मकान/संपत्ति के नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था जो इस भूखण्ड पर हित रखते है, पेशी तारीख 08.05.2024 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। बाद में प्रस्तुत आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 22.04.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया।

(मुहर)
नजूल अधिकारी
नजूल जांच, राजनांदगांव

# कांग्रेस से जनता का विश्वास उठ चुका राजनांदगांव में फिर खिलेगा कमल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



भाजपा का चुनाव कैंपेन संभालने वाले पूर्व सांसद मधुसूदन यादव का कहना है कि कांग्रेस अपने आप में ही मुद्दा है, जनता का विश्वास अब कांग्रेस में नहीं रहा है। उन्होंने कहा कि पांच साल पहले भी कांग्रेस ने सरकार बनाने से पहले प्रदेश में कई वादे किए थे, जिन्हें कभी पूरा नहीं किया गया। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि इस चुनाव में भी महतारियों, किसानों, मजदूरों के साथ युवाओं का साथ भाजपा को मिलने जा रहा है और राजनांदगांव के साथ देश में एक बार फिर कमल खिलने जा रहा है।

**♦ चुनावी प्रचार के दौरान भाजपा को जनता से कैसा रिस्पांस मिला ?**

*लोगों में मोदीजी को लेकर उत्साह है, भाजपा ने हर वर्ग के लिए कम किए हैं। जिसका सीधा असर हमें प्रचार के दौरान देखने को मिला। देश के साथ ही लोकसभा की जनता भी तीसरी बार मोदीजी को प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहती है। लोकसभा की महतारियों का भी आशीर्वाद मिलेगा।*

**♦ इस चुनाव में भाजपा का सामना पूर्व सीएम से है, ऐसे में चुनाव के मुद्दे क्या थे ?**

*प्रत्याशी अपने आप में ही एक मुद्दा है, अपने झूठे वादों के कारण जनता भूपेश बघेल पर विश्वास नहीं करती है। देशभर में कांग्रेस अपने नेताओं की बयानबाजी और सोच के कारण एक मुद्दा बन चुकी है। इस पार्टी से जनता का विश्वास उठ चुका। इसके अलावा केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा जनकल्याण में किए गए कामों को लेकर हम जनता के बीच गए। जिसकी बेहतर प्रतिक्रिया भी मतदाताओं से मिली है।*

**♦ विपक्ष लगातार सांसद के निष्क्रिय होने की बात कह रहा है, इस पर क्या ?**

*सांसद का कार्यक्षेत्र देश के साथ अपने लोकसभा के मुद्दे को रखना उसका काम होता है। अपने पांच साल के कार्यकाल में लोकसभा क्षेत्र के सभी गांव जा पाना संभव नहीं, विधायक भी हर गांव नहीं पहुंच पाता। इस चीज़ को निष्क्रियता बताना मानसिक दिवालियापन दर्शाता है। मैंने भूपेश बघेल की एक वॉइस रिकॉर्डिंग सुना है। जिसमें वो ये कह रहे है कि आप मुझे जिताये, मैं आपकी आवाज संसद में उठाउंगा। इसका साफ मतलब है कि उनकी पार्टी देश में हार रही है। यदि उन्हें जीत का इतना ही विश्वास होता तो वे जनता से यह कहते कि सांसद बनने के बाद केंद्र की योजना का लाभ दिलवाएंगे।*

**♦ महतारी के सामने कांग्रेस की महालक्ष्मी योजना का कितना असर है ?**

*महालक्ष्मी योजना का जमीन पर कोई असर नहीं है। प्रदेश में सरकार बनने के बाद हम दो महीने की किस्त दे चुके। जबकि ऐसा ही 500 रुपए प्रतिमाह देने का वादा कांग्रेस ने 2018 में भी प्रदेश की महतारियों से किया था, लेकिन उन्होंने किसी भी महतारी को पैसा नहीं दिया, इसलिए जनता भी जान रही है कि कौन जुमलेबाजी कर रहा है।*

**♦ इस चुनाव महंगाई और बेरोजगारी कितने बडे मुद्दे रहे हैं ?**

*इस चुनाव महंगाई और बेरोजगारी जैसा कोई मुद्दा नहीं है। जनता ने पिछले दस सालों में भाजपा की सरकार का काम देखा है और आगे भी देश को मजबूत बनाने के लिए जनता मोदीजी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का मन बना चुकी है।*

**♦ पांच विधानसभा में भाजपा हारी थी, अब कैसे जीतेंगे ?**

*लोकसभा और विधानसभा चुनाव की परिस्थितियां अलग होती है। हम पिछले विस चुनाव में 7 विस सीट हारे थे, लेकिन 2019 के लोकसभा चुनाव में 6 विस से आगे रहते हुए सीट जीती थी। इस बार भी अच्छे अंतर से भाजपा की जीत होने जा रही है। वहीं कांग्रेस के भी सभी विधायक घर बैठे हुए हैं, जब उनका नेता चुनाव लड़ रहा तो क्यों घर बैठे हैं, इसका जवाब कांग्रेस को देना चाहिए।*

हरिभूमि की खास बातचीत

# मोदी की विफलता और भूपेश की महत्वपूर्ण योजनाओं के बीच चुनाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



प्रदेश के सबसे हाईप्रोफाईल सीट राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस के चुनाव संचालक गिरीश देवांगन का कहना है कि केंद्र की मोदी सरकार की विफलताओं और पांच साल प्रदेश में भूपेश सरकार द्वारा किए गए जनकल्याणकारी कामों के बीच का यह चुनाव है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की न्याय गारंटी योजना का असर भी जमीनी स्तर पर देखने को मिल रहा है। समाज का हर वर्ग कांग्रेस के वायदों से उत्साहित नजर आ रहा है। हरिभूमि ने पिछले एक माह के दौरान चले कांग्रेस के चुनाव अभियान को लेकर जब उनसे बातचीत की तो उन्होंने कहा कि लापता सांसद से जनता परेशान है और इस बार भूपेश बघेल के रूप में मजबूत सांसद को दिल्ली भेजने का मन मतदाताओं ने बना लिया है।

**♦ लोकसभा चुनाव में जनता के बीच गए आप किन मुद्दो को लेकर ?**

*प्रदेश में कांग्रेस की सरकार के दौरान पांच साल में मुख्यमंत्री रहते हुए भूपेश बघेल ने हर वर्ग के लिए योजनाएं न सिर्फ तैयार की, बल्कि उसे धरातल पर भी उतारा। उन योजनाओं का लाभ सीधे तौर पर मजदूर, किसान, महिलाएं और युवाओं को मिला था। इन योजनाओं को अब प्रदेश सरकार ने बंद कर दिया है। जिससे जनता में आक्रोश दिखाई दे रहा है।*

**♦ कांग्रेस प्रत्याशी का बाहरी होने से भीतरघात की आशंका है ?**

*नहीं ऐसा मुझे बिल्कुल भी नहीं लगता है, क्योंकि कांग्रेस के सभी नेता और कार्यकर्ता एकजुट होकर चुनाव लड़ रहे हैं। जिले के सभी विधायक, पूर्व विधायक, जिला और जनपद पंचायत सदस्य से लेकर कांग्रेस समर्थित सरपंच भी चुनाव में बड़ी मेहनत कर रहे हैं। गुटबाजी और भीतरघात जैसी कोई गुंजाईश पूरे चुनाव में नजर नहीं आई।*

**♦ चुनाव में मोदी की गारंटी का कितना असर दिखा ?**

*चुनाव के पहले चरण से ही मोदी की गारंटी पूरी तरह गायब हो गई है। यह बात अब भाजपाईयों को भी दिखने लगी है। भाजपा के नेता अब मोदी की गारंटी की जगह साम्प्रदायिक मुद्दों पर जनता को बरगलाने की साजिश कर रही है। मोदी की गारंटी में खाद्यान्न को कम किया जा रहा है। लोगों को 35 किलो की बजाए 15 किलो चावल देने की साजिश रची जा रही है। जनता में इसका व्यापक असर भी दिखाई दे रहा है।*

**♦ महालक्ष्मी योजना का असर जमीन पर कितना दिखाई दिया ?**

*इस योजना का महिलाओं में जबर्दस्त रिस्पांस दिखाई दिया है। पूरे प्रचार के दौरान महिलाओं ने प्रत्याशी भूपेश बघेल को इस योजना के लिए बधाईयां भी दी है। भाजपा यह सवाल उठा रही है कि आखिर पैसा कहां से आएगा तो मेरा यही कहना है कि जिस तरह मोदी सरकार ने अपने पूंजीपति दोस्तों का 16 लाख करोड़ रुपए का कर्ज माफ किया है, इन्हीं बजट से हम महिलाओं, युवाओं और किसानों तक पैसा पहुंचाने का काम करेंगे।*

**♦ प्रचार थमने के बाद अब कांग्रेस की स्थिति कहां देखते हैं ?**

*कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल ने इस चुनाव में काफी दौरा और सभाएं की है। उन्हें मतदाताओं का भरपूर सहयोग इस प्रचार अभियान के दौरान मिला है। हम यह चुनाव अच्छे मतों के अंतर के साथ जीत रहे हैं। प्रदेश में भी कांग्रेस की आठ सीटों पर जीत होगी।*

## सार समाचार

### अभिव्यक्ति की आजादी को पेड न्यूज मानना उचित नहीं : कांग्रेस



**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता रूपेश दुबे ने लोकसभा निर्वाचन में समाचारों के लिए अपनाई जाने वाली कार्रवाई के परिप्रेक्ष्य में कहा कि लोकसभा निर्वाचन में प्रत्याशी द्वारा आम सभाओं को संबोधित करते अपनी पार्टी के विचारों, सिद्धांतों, योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने एवं विपक्षी दलों की नीतियों व असफलता को बताते हैं, उसे पार्टी द्वारा समाचार पत्रों को अवगत कराया जाता है, पत्रकारिता जगत द्वारा उन समाचारों को अपने प्रतिष्ठित समाचार पत्र में स्थान दे या ना दें, उनकी निष्पक्ष स्वतंत्रता पर निर्भर करता है, जिसे पेड न्यूज की श्रेणी में मानकर नोटिस दिए जाने पर पुनर्विचार करने का निवेदन किया है।

प्रदेश प्रवक्ता रूपेश दुबे ने कहा कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 19 में स्वतंत्रता के अधिकार (अभिव्यक्ति की आजादी) सबको प्राप्त है, अपने उसी संवैधानिक अधिकार के तहत ही प्रत्याशी अपना संबोधन करते हैं और उनके द्वारा कहे गए वक्तव्य को लोकतंत्र के चतुर्थ स्तंभ इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया को अवगत कराया जाता है। समाचार प्रकाशित होने पर निर्वाचन आयोग द्वारा उन समाचार पत्रों में प्रकाशित समाचारों को पेड न्यूज की श्रेणी में लाकर नोटिस दिया जा रहा है एवं व्यय खाते में जोड़ने का निर्णय लिया जा रहा है, जो स्वस्थ लोकतंत्र के लिए उचित प्रतीत नहीं हो रहा है।

### सांसद पांडे ने क्षेत्र का ऐतिहासिक विकास किया: नीलू

**राजनांदगांव।** भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे के लिए अंतिम दौर के प्रचार अभियान में पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता नीलू शर्मा खैरागढ़, कवर्धा, साल्हेवारा, डोंगरगांव, डोंगरगढ़ इत्यादि विधानसभा क्षेत्रों के ग्रामीण व शहरी अंचलों का धुआंधार दौरा करने के बाद खंदक की इस लड़ाई में राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों का रूख किया और ताबड़तोड़ ढंग से आधा दर्जन से अधिक सभाओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि परीक्षा की इस घड़ी में जैसे पूरा देश मोदी के साथ एकजुट खड़ा दिखाई दे रहा है। इसी तरह इस क्षेत्र के लोग भी मोदी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। जिससे कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल की घिग्घी बंध गई है। भाजपा मीडिया सेल के अनुसार श्री शर्मा ने कहा कि क्षेत्र के सांसद व भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे ने संसदीय क्षेत्र के विकास की नई गाथा लिखी है। डोंगरगढ़ व डोंगरगांव के पास लगभग एक हजार करोड़ की लागत से सौ मेगावाट सोलर पार्क की शानदार स्थापना हो रही है। मां बम्लेश्वरी देवी मंदिर के ऐतिहासिक विकास की यात्रा शुरू हो गई है। बोरतालाब से मुढ़ीपार के मध्य पूरे लोकसभा क्षेत्र की रेल लाईन में 12 ओवर ब्रिज व 3 अंडरब्रिज का निर्माण किया जा रहा है। इतना ही नहीं, बल्कि बहुप्रतीक्षित डोंगरगढ़-कटघोरा रेल लाईन के कार्य को भी प्रारंभ कर दिया गया है। इस रेल लाईन के पूरा होने से खैरागढ़-कवर्धा तक का सम्पूर्ण इलाका रेलवे के मानचित्र से जुड़ जाएगा एवं पूरे क्षेत्र का चौमुखी विकास होगा, लाखों लोगों के रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे। डोंगरगढ़ एवं राजनांदगांव रेलवे स्टेशनों को एयरपोर्ट की तर्ज पर विकसित करने का कार्य प्रारंभ हुआ है। इसी प्रकार प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत दो सौ ब्यालीस करोड़ रुपए का निर्माण हुआ। केन्द्रीय मद से डेढ़ सौ करोड़ रुपए सड़कों के लिए प्राप्त हुआ। इसके अलावा राजनांदगांव से डोंगरगांव-मानपुर-मोहला-औंधी होते हुए हैदराबाद तक के लिए सिक्सलेन सड़क की महत्वकांक्षी परियोजना की स्वीकृति हो रही है। जिसमें क्षेत्र के आदिवासी अंचल का सम्पूर्ण विकास होगा। श्री शर्मा ने संतोष पांडे को प्रचंड मतों से विजयी बनाने का आह्वान किया।



### रैली निकालकर मतदाताओं को साधने का किया प्रयास, अब डोर-टू-डोर करेंगे जनसंपर्क

# प्रचार के अंतिम दिन दोनों पार्टियों ने झोंकी ताकत

## सांस्कृतिक राष्ट्रवाद को कांग्रेस पचा नहीं पा रही: संतोष

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे अपने चुनाव प्रचार अभियान के अंतिम दौरे में सहसपुर लोहार व डोंगरगांव क्षेत्र में व्यापक जनसंपर्क किया एवं चुनावी सभा को संबोधित करते हनुमान जन्मोत्सव के कार्यक्रम में भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि यह राष्ट्र निर्माण की अनुपम घड़ी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले दस वर्षों में देश का जो कायाकल्प किया है, उसे और आगे बढ़ाने इस चुनाव में उनके नेतृत्व पर मुहर लगाना हम सब के लिए युगधर्म के समान है।

भाजपा मीडिया सेल के अनुसार श्री पांडे ने कहा कि अयोध्या में भगवान श्रीराम अपनी जन्मभूमि में टेंट में रह रहे थे, बरसात में टेंट टपकने लगता था, रामलला भीग जाते थे, टेंट बदलने आवेदन लगाना पड़ता था, किन्तु उन आवेदनों पर कोई विचार नहीं होता था, ले देकर साल में एकाध बार रामलला के वस्त्र बदलने की अनुमति मिलती थी। श्री पांडे ने कहा कि केवल राम मंदिर निर्माण पर ही बात खत्म नहीं होती, बल्कि हिन्दुत्व की हुंकार करती काशी विश्वनाथ मंदिर का भी जीर्णोद्धार हुआ। उज्जैन के महाकाल मंदिर का भी विकास किया गया, भगवान केदारनाथ मंदिर को भी नया स्वरूप प्रदान किया गया, द्वारिकधीश मंदिर की भी चिंता की गई।



### काली पट्टी लगाकर किया था विरोध

भारत की आत्मा कहे जाने वाले भगवान श्रीराम एवं रामायण को काल्पनिक कहे जाने का हलफनामा दिया जा रहा था, किन्तु मोदी ने सत्ता की बागडोर संभालते ही राम मंदिर को लेकर हो रही अदालती कार्रवाई को तीव्र गति से आगे बढ़ाया। मंदिर निर्माण के अवरोधों को दूर किया और न्यायलाय को यह विश्वास दिलाया कि फैसले को लेकर देश में किसी भी तरह कानून एवं व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न नहीं होने दी जाएगी। मंदिर निर्माण की प्रक्रिया पूरी हुई, भगवान राम को उनकी जन्मभूमि में टेंट से निकालकर भव्य मंदिर में प्रतिष्ठित किया गया। स्मरण रहे कि मंदिर निर्माण के लिए जब शिलान्यास हुआ, तब सनातन विरोधियों के सांसदों ने लोकसभा व राज्यसभा में काली पट्टी लगाकर विरोध दर्ज किया था।

## कांग्रेस जो कहती है वो करती है : भूपेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पूर्व मुख्यमंत्री और राजनांदगांव से कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी भूपेश बघेल ने चुनाव प्रचार के दौरान कहा कि हमारी सरकार ने सदैव प्रदेशवासियों को सशक्त बनाने की दिशा में काम किया, अब आप सभी को तय करना है कि आपको कौन चाहिए, यदि आप भाजपा को चुनते हैं तो महंगाई, बेरोजगारी ये सारी स्थितियां वैसी ही रहेंगी, लेकिन आप कांग्रेस का साथ देंगे तो ये हालात बदलेंगे, क्योंकि कांग्रेस जुमलेबाजी नहीं करती जो कहती है, वो करती है।

चुनाव प्रचार के अंतिम दिन भूपेश बघेल ने पंडरिया में जनसंपर्क किया। उन्होंने कांग्रेस को वोट देने की अपील करते कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा किसानों, मजदूरों, महिलाओं, युवाओं, आदिवासियों सहित सभी वर्गों का ध्यान रखती है। उन्होंने कहा कि जब प्रदेश में कांग्रेस की सरकार थी, तब हमने केंद्र में बैठी भाजपा सरकार के विरोध के बाद भी धान का प्रति क्विंटल 2500 रुपए का दाम दिया, मजदूरों को सालाना 7000 रुपए, शिक्षित बेरोजगारों को 2500 रुपए मासिक का भत्ता दिया। माताओं-बहनों को गौठानों में रोजगार से जोड़ा।



### सभी वर्गों का रखा ध्यान

भूपेश बघेल ने ग्रामीणों से कहा कि जब प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनी तो सबसे पहले किसानों की कर्जमाफी की, किसानों को धान के प्रति क्विंटल 2500 रुपए देने पर मुहर लगी। उन्होंने कहा कि आम लोगों को समृद्ध बनाने के लिए गोबर खरीदी, रीपा जैसी योजनाएं लाई गई। कांग्रेस सरकार ने मजदूरों को 7000 रुपए सालाना सहायता दी, 67 लघु वनोपजों की खरीदी न्यूनतम मूल्य पर की। कांग्रेस प्रत्याशी ने कहा कि महंगाई के इस दौर में जनता के खर्च कम करने हेतु बिजली बिल हाफ योजना, श्री धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर्स खोले और कोशिश की थी कि जनता की जेब में पैसा बचे। जिससे वे गैस से लेकर पेट्रोल तक और तेल से लेकर आटे तक की बढ़ी कीमत के बीच परिवार चला सके। उन्होंने पंडरिया के ग्राम कुम्ही, पाढ़ी, बदना, कामठी, कोदवा गोडान, अमलडीहा, कापादाह, किशुनगढ़ में जनसंपर्क किया।

### डाक मतपत्र के लिए सुविधा केन्द्र स्थापित

**राजनांदगांव।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए निर्वाचन कार्य में तैनात अधिकारी-कर्मचारी सहित अन्य अनिवार्य सेवा में कार्यरत व्यक्तियों ने कलेक्टोरेट स्थित सुविधा केन्द्र में सोमवार को डाक मतपत्र के माध्यम से अपने मताधिकार का उपयोग किया। निर्वाचन कार्य के अनिवार्य सेवा में लगे ड्राइवर कोमल यद्‌दु, हरि यादव, कृष्णा पटेल, दिनूराम साहू और दिलीप साहू ने डाक मतपत्र के माध्यम से अपने मताधिकार का उपयोग किया। कोमल यद्‌दु, हरि यादव, कृष्णा पटेल, दिनूराम साहू और दिलीप साहू ने बताया कि वे स्कूली वाहन चलाते हैं। जिनकी ड्यूटी निर्वाचन के अंतर्गत वाहन चालक के रूप में लगी है। सभी ड्राइवरों ने कहा कि डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करने का अवसर मिला है, हमें बहुत खुशी हो रही है।


## कांग्रेस और उसके गठबंधन की नजर अब आपकी कमाई, संपत्ति पर : मधुसूदन यादव

**राजनांदगांव।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने पत्रकारवार्ता में कहा कि कांग्रेस और उसके गठबंधन की नजर अब लोगों की कमाई और संपत्ति पर है। कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में खतरनाक प्रावधान किया है। वरिष्ठ भाजपा नेता मधुसूदन यादव ने प्रेसवार्ता लेकर कहा कि 60 के दशक से कांग्रेस ने तुष्टिकरण की राजनीति को चुनाव जीतने का हथियार बनाया। 2014 से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विकास का एजेंडा देश में सेट किया। जिसके बाद कांग्रेस लगातार पराजित हो रही है। अब कांग्रेस फिर से एक बार तुष्टिकरण के आधार पर आगे बढ़ना चाहती है। मधुसूदन यादव ने कांग्रेस पर हमला करते कहा कि कांग्रेस और ईडी गठबंधन की नजर अब आपकी कमाई पर है, आपकी संपत्ति पर है। आपकी संपत्ति पर कांग्रेस अपना पंजा मारना चाहती है। किसके पास कितनी प्रॉपर्टी है, किसके पास कितना धन है, किसके पास कितने मकान हैं, कांग्रेस सरकार उसकी जांच कराएगी। यह जो संपत्ति, उनको सरकार अपने कब्जे में लेकर सभी को बांट देगी। श्री यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री ने सही कहा है कि यही कांग्रेस की नीति और उनके घोषणा पत्र का हिडेन एजेंडा है। कांग्रेस का घोषणा पत्र 2024 स्पष्ट है।

### 30 पौवा शराब बरामद

**राजनांदगांव।** धरपकड़ अभियान के तहत पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर अवैध रूप से शराब बिक्री करने के आरोपी को पकड़ा। जिससे 30 पौवा शराब बरामद कर कार्रवाई की गई है। एसपी मोहित गर्ग, एएसपी राहुल देव शर्मा एवं सीएसपी पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन में आगामी लोकसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते एवं जिले में चलाए जा रहे अभियान में अवैध शराब बिक्री करने वालों के ऊपर कार्रवाई की जा रही है। जिसके तहत 24 अप्रैल को चौकी स्टाफ की टीम बनाकर अभियान के दौरान मुखबीर से सूचना मिलने पर आरोपी यशवंत सिन्हा 38 साल साकिन ग्राम गठुला को शराब बिक्री करते पकड़ा। आरोपी के पास से प्लास्टिक बोरी में 30 पौवा देशी प्लेन शराब कुल कीमती 2700 रुपए को जब्त कर आरोपी के विरुद्ध 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। उपरोक्त कार्रवाई में चौकी चिखली प्रभारी एएसपी नरेश कुमार बंजारे, सहायक उपनिरीक्षक शत्रुहन टंडन, महिला प्रधान आरक्षक वंदना पटले, आरक्षक सिन्धु सिन्हा, कमल साहू, किशोर मार्बल, सरिता साहू का कार्य महत्वपूर्ण एवं सराहनीय रहा।









## सूरज चढ़ते ही नगर में पसर जाता है सन्नाटा, कही लोकसभा मतदान में न पडे गर्मी का असर

# अप्रैल की तपिश को देख सहम रहे लोग, मई-जून में क्या होगा?

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

लगातार बनते बिगड़ते मौसम के बीच एक बार फिर भगवान भास्कर आग उगलने लगे हैं, जिसके चलते अंचल में लगातार तबिस बढ़ रही है और लोग भीषण गर्मी की मार झेल रहे हैं। कही लोकसभा मतदान में प्रभाव न डाले हालकी चुनाव आयोग में मतदान केन्द्रों में गर्मी से बचने की व्यावस्था की आलम ये है कि सूरज चढने के बाद नगर की सड़कों में पूरी दोपहरी सन्नाटा सा पसरा रहता है, लोग भगवान भास्कर का तेज कम होने के बाद ही अपने घरों से बाहर निकलने की हिम्मत जुटा पा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि हाल के दिनो में मची मौसमी उथल-पुथल के चलते समूचे अंचल का मौसम बदल गया था और अप्रैल माह के शुरूआती दिनो में तेज आंधी के साथ कहीं हल्की तो कहीं तेज बारिश का दौर शुरू हो गया था। मौसम के इस बदले मिजाज के चलते लगातार बढ़ रही तपिश व गर्मी से अंचलवासियों को काफी हद तक राहत मिली थी और भरी गर्मी में भगवान भास्कर का तेज भी फीका पड़ गया था। लेकिन महज कुछ दिनो की इस मौसमी नोटंकी के बाद एक बार फिर सब कुछ बदल गया है। भोर फटने के साथ ही भगवान भास्कर पूरे तेज के साथ प्रकट हो रहे हैं। दोपहर होते-होते उनकी यह प्रचण्ता चरम पर पहुंच जाती है और लोगों का अपने घरों से निकलना भी दूभर हो जाता है। आलम ये है कि चटख धूप और उस पर गर्म हवा के थपेड़ों के चलते नगर की सड़के पूरी दोपहरी सूनसान पड़ी रहती हैं। जो लोग जरूरी काम से बाहर निकलते भी हैं तो वे भगवान भास्कर की तपिश तथा चटख धूप व गर्म हवा के थपेड़ों से बचने के लिए सिर से लेकर पांव तक पंछा, टोपी, स्कार्प, चश्मा, हांथ पोश व दूसरे साजो सामान का कवज धारण किए होते हैं। इसी प्रकार घरों में दुबके लोग भी गर्मी से बचने के लिए पंखा, कूलर, एसी का सहारा ले रहे हैं। मौसम के इन सख्त तेवरों को देख लोग अब मई-जून माह की तपिश का अहसास कर सहम रहे हैं।


फाईल फोटो


फाईल फोटो

### दिहाड़ी मजदूरों को काम करना हो रहा मुस्किल

इस भीषण गर्मी में सबसे ज्यादा परेशानी दिहाड़ी के उन मजदूरों को हो रही है जो विभिन्न निर्माण कार्यों में सुबह से लेकर शाम तक काम करते हैं। एक तो हाड़तोड़ मसक्कत उस पर भीषण गर्मी और खुले आसमान के नीचे गर्म हवा के झौंके निश्चित रूप से इन मजदूरों का दम निकाल देता है। लेकिन फिर इन्हें अपने और अपने बाल बच्चों के पेट की खातिर इन विपरीत परिस्थियों में भी काम करना पड़ता है। इसके अलावा वे लोग भी भीषण गर्मी की मार झेल रहे हैं जो बाजार हाट में पसरा लगाकर अपना छोटा मोटी रोजी रोजगार करते हैं। ऐसे लोग भीषण गर्मी और तेज धूप के कारण दोपहर के समय पसरा नहीं लगा पा रहे हैं जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। कुल मिलाकर कहना गलत नहीं होगा कि इन दिनो पड़ रही गर्मी लोगों की अग्नि परीक्षा ले रही है।

### पशु पक्षी भी भीषण गर्मी में हलाकान और परेशान

ऐसा नहीं है कि भीषण गर्मी में सिफ्र इंसान ही हलाकान और परेशान है। अप्रैल माह के अंतिम दिनो पड़ रही भीषण गर्मी ने पशु पक्षियों के सामने संकट घड़ा कर दिया है। स्थिति ये है कि भीषण गर्मी में अब पशु पक्षियों को दाना-पानी के लिए चिलचिलाती धूप में संघर्ष करना पड़ा रहा है बावजूद उन्हें खोजे हरा चारा नहीं मिल पा रहा है। दोपहर के समय तो सड़कों पर अब आवारा मवेशी और पेड़ा पौधों में पक्षी भी नजर नहीं आ रहे हैं। वे भी तपती दोपहरी किसी छांएदार स्थान में बिताना पसंद कर रहे हैं।

## भोरमदेव अभ्यारण में पूनम अवलोकन अभियान चलाकर वन विभाग की टीम ने की गस्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

नाम सुनते ही मन में कौतूहल उत्पन्न होता है, कि यह पूनम अवलोकन क्या है। पूर्णिमा तिथि की रात्रि को वन क्षेत्र में किया जाने वाले गस्त को ही पूनम अवलोकन नाम दिया गया है। वन मंडल अधिकारी शशि कुमार ने बताया कि भोरमदेव अभ्यारण्य अंतर्गत पूनम अवलोकन का शुभारंभ किया जा रहा है। प्रत्येक माह पूर्णिमा की तिथि पर संपूर्ण अधिकारी एवं कर्मचारी - वन मंडल अधिकारी से लेकर वनरक्षक एवं चौकीदार स्तर तक के कर्मचारी अभ्यारण्य के वन क्षेत्र में पूरी रात पैदल गस्ती करेंगे। इसी परिपाटी का शुभारंभ 23 अप्रैल की रात्रि से किया गया है। अभयारण्य क्षेत्र में रात्रि गश्त करने के लिए समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शामिल करते हुए कुल 18 दल का गठन किया गया था। प्रत्येक दल के लिए पृथक-पृथक गस्ती मार्ग का भी निर्धारण पूर्व से ही कर लिया गया था जिससे की संपूर्ण अभयारण्य क्षेत्र का एक साथ अवलोकन किया जा सके। प्रत्येक दल में न्यूनतम 5 सदस्य रखे गए थे। प्रत्येक दल के द्वारा 15 से 25 किलोमीटर तक की पैदल गस्ती रात्रि 8 बजे से सुबह 4 बजे के मध्य की गई है। विभिन्न दलों को रात्रि गस्त के दौरान भालू, उल्लू, खरगोश, गौर, तेंदुआ, सांप, पाम, सिवेट, चीतल आदि वन्य प्राणी वन क्षेत्र में भ्रमण करते नजर आए। वही पूनम अवलोकन का उद्देश्य वन्य प्राणियों की सुरक्षा अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण के साथ-साथ एक साथ पूरे अभ्यारण में गस्त करने से वन्य प्राणियों की अनुमानित संख्या एवं उनके विचरण क्षेत्र के संबंध में भी सटीक जानकारी एकत्र की जा सकेगी। पूर्णिमा की रात्रि को दृश्यता भी अच्छी रहती है इसलिए इस तिथि का चयन अवलोकन हेतु किया गया है इसी क्रम में आगामी माह में भी पूनम अवलोकन का आयोजन किया जाएगा।

## शादी के कार्ड में यातायात नियमों से लेकर बेटी बचाओ और बेटी पढ़ाओ जैसे जागरूकता के संदेश, निमंत्रण पाने वाले इन्विटेशन की कर रहे खूब तारीफ

**हरिभूमि कवर्धा।** शादी के कार्ड में सामाजिक संदेशों को शामिल करना आजकल एक प्रसिद्ध प्रथा बन चुकी है। यह एक अच्छा तरीका है जिससे लोग अपने खुशी के पलों को साझा करते हैं और समाज में सामाजिक संदेशों को फैलाते हैं। इसमें यातायात नियमों से लेकर बेटी बचाओ और बेटी पढ़ाओ जैसे महत्वपूर्ण संदेशों को शामिल करना भी बहुत महत्वपूर्ण है। ठीक इसी प्रकार छत्तीसगढ़ के कवर्धा जिले के बोडला गांव के निवासी भगवान सिंह चंद्रवंशी ने अपने बेटे आशु की शादी के कार्ड में अत्यंत महत्वपूर्ण सामाजिक संदेश जोड़े हैं। उन्होंने यह न सिर्फ अपने खुशी के पलों को साझा किया है, बल्कि समाज में जागरूकता भी फैलाई है। शादी के कार्ड में यातायात नियमों का उल्लेख करने से लोगों को सुरक्षा के प्रति जागरूकता और बेटी बचाओ और बेटी पढ़ाओ के संदेश से वे समाज में महिलाओं के सम्मान और उनके शिक्षा के प्रति समर्थन का संदेश दिया है। शादी के कार्ड में उन्होंने मतदान के महत्व का जिक्र किया जिसमें उन्होंने नागरिकता के प्रति सजगता को बढ़ावा दिया। पर्यावरण संरक्षण के संदेश से उन्होंने जगह के प्राकृतिक संसाधनों के प्रति जागरूकता फैलाई है। इस उपाय के माध्यम से उन्होंने न केवल अपने परिवार को समृद्धि और खुशियों से भरा अवसर प्रदान किया है, बल्कि समाज को भी समृद्ध, सुरक्षित, और सशक्त बनाने के लिए संकल्पित किया है। उनकी यह पहल सराहनीय है और यह एक प्रेरणादायक संदेश है। उनकी यह प्रेरणादायक संदेशों और नियमों को कार्ड में शामिल करने से निमंत्रण पाने वाले की कर रहे खूब तारीफ कर रहे है।

## गांव के गलियों में झांझ, मंजीरा, ढोलक, डफली के साथ गीत गाते हुए मतदान के दिए नेवता



हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर

26 अप्रैल को मतदान के नेवता है राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत 72 कवर्धा भाग संख्या ग्राम सिंघनपुरी 145 बूथ लेवल कर्मचारी चंद्रप्रकाश घृतलहरे मतदान से पूर्व ग्रामीणों के साथ समस्त मतदाताओं को 26 तारीख को मतदान करने हेतु बूथ केंद्र तक लाने के लिए इस बार ढोलक, मंजीरा, झांझ, डफली लेकर स्वयं के द्वारा लिखित छत्तीसगढ़ी गीत नेवता हे लेकर जागरुक करते हुए नजर आ रहे है,

जिसमें 26 अप्रैल, दिन शुक्रवार के तोला मतदान के नेवता हे सांसद चुनई तिहार के लोकसभा राजनांदगांव के लोकतंत्र तिहार के नेवता हे सुबह 7बजे वोट दे बर आहू वोटर परची ल संग ले लाहु आधार पर्ची ला घलो झन भुलाहू उंगली में अमिट सियाही लगाहू वोटिंग कक्षा में अकेला जावे फोटो अऊ वीडियो तय झन बनावे जेन ला चुनना हे तेन बटन दबावे जे ला हो गेय है 18 वर्ष ओला मिले हवय पहली मौका सोच समझ के वोट ल दुहु दारू, जुआ मा तुमन झन भुल्हू 26 अप्रैल दिन शुक्रवार के नेवता हे कलेक्टर, सीईओ, एसडीएम, तहसीलदार, डीईओ, बीईओ, बीएलओ चंद्रप्रकाश के नेवता हे, इस कार्यक्रम में समाजसेवी रामजी पटेल, कमल मांडवी, गगन निर्मलकर, भारत पटेल, गोपी सुखराम, अर्जुन, राजू, उमेश, दसरू यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# लोकसभा चुनाव प्रचार प्रसार के अंतिम दिन उप-मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने लगाया जोर

## छत्तीसगढ़ को ठगने वाले भूपेश बघेल को राजनांदगांव से वापसी का टिकट थमाने जनता तैयार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए 26 अप्रैल को मतदान होना है मतदान पूर्व प्रचार प्रसार के लिए नियत अंतिम दिवस बुधवार को लोहारा मंडल के दर्जनों गांव पर सभा और जनसंपर्क कर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने ताकत झोंकी। वही चुनाव प्रचार सभा के लिए निर्धारित अंतिम दिवस पर ग्राम कोयलारी, बामी, सिंघनपुर , खोलवा, रक्से, बबई, पवनतरा सहित अनेको गांव मे सभा आयोजित की गई।

सभा को संबोधित करते हुए विजय शर्मा ने कहा पूरे 5 वर्ष जनता को ठगने वाले भूपेश बघेल को वापिसी का टिकट थमाने कवर्धा की जनता तैयार है। उन्होंने कहा अपने घोषणा पत्र में 500 रुपए महिलाओं को देने की बात करने वाले भूपेश बघेल ने 1 रूपए महिलाओं को नही दिया ये अब दूसरे तरीके से जनता को ठगने का प्रयत्न कर रहे है, फर्जी फार्म भराते घूम रहे है।

कांग्रेस अपने इतिहास में सबसे कम सीटों पर चुनाव लड़ रही है सरकार बनाने का सवाल ही पैदा नही होता ऐसे में घोषणा पत्र का कोई महत्व ही नही रह जाता। पूरे देश में कांग्रेस अब चर्चा का विषय ही नही रहा जनता ने पूरी तरह नकार दिया है।



विजय शर्मा ने कहा देश मे अब एक ही ग्यारंटी चलती है वो है मोदी ग्यारंटी उन्होंने विधानसभा चुनाव से पहले छत्तीसगढ़ की जनता को जो ग्यारंटी दी उसमें से सभी बड़े वादे विष्णुदेव की सरकार ने तय समय मे पूरी कर दी। आने वाले समय मे अन्य गारण्टी पूरे होने के साथ विकास को भी गति मिलेगी।

### देश में मोदी ही है जिनपर लोगों को भरोसा है, मोदी के कार्यकाल में बड़े-बड़े कार्य हुए

विजय शर्मा ने कहा कि पहले कांग्रेस कार्यकाल में सिर्फ वादे होते थे चुनावी जो सदियों पूरे नही होते थे मोदी जब से प्रधानमंत्री बने है जिन कार्यो का भूमिपूजन वे करते है तय समय मे उन बड़े-बड़े कार्यो का लोकार्पण भी करते है। मोदी ने आत्मनिर्भर भारत के तहत देश के करोड़ो लोगो को उद्यमी बनाया तो दूसरी ओर नारी शसक्तीकरण को लेकर बड़े फैसले लिए। देश मे मोदी ही है जिनपर लोगो को भरोसा है। किसान सम्मान निधी हो या जनधन खाते खोलना हर योजनाओ का लाभ सीधे हितग्राहियों तक पहुंच रहा है। मोदी के कार्यकाल में बड़े-बड़े कार्य हुए है, बहुत से कार्य और होने है देश की जनता तीसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए तैयार है, राजनांदगांव सहित 11-11 लोकसभा सीट पर मोदी का कमल खिलने वाला है। उन्होंने कवर्धा की जनता से अधिक से अधिक मतदान कर सांसद प्रत्याशी संतोष पांडे को जिताने का आव्हान किया। इस दौरान मोदी पर बनाये गाने पर डंडा नृत्य के साथ विजय शर्मा का ग्राम सिंघनपुरी में स्वागत किया। इस दौरान सभा जनसम्पर्क कार्यक्रम में लोहारा मंडल के अध्यक्ष सहित सभी बड़े पदाधिकारी व ग्रामीण जन बड़ी संख्या में उपस्थित थें।

## सहसपुर लोहारा पुलिस ने तीन जुवारियों को दबोचा



**हरिभूमि सहसपुर लोहारा।** पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक पल्लव के मार्गदर्शन मे एंव अति पुलिस अधीक्षक विकास कुमार, पुष्पेन्द्र बघेल, एंव अनुविभागीय अधिकारी संजय ध्रुव के दिशा निर्देशन मे चौकी रणवीरपुर प्रभारी उप निरीक्षक अजयकांत तिवारी द्वारा चौकी क्षेत्र मे लगातार अवैध जुआ-सट्टा एंव आबकारी एक्ट व अपराधिक गतिविधियो के विरूध्द लगातार प्रभावी कार्यवाही की जा रही है इसी क्रम में मुखबिर सुचना पर 24 अप्रैल को ग्राम वीरेंद्र नगर शासकीय स्कूल के पीछे जुआ खेल रहे तीन जुआड़ी, आसफ खान, शत्रुहन सत, वीरू कौशल, स्थान वीरेंद्र नगर को घेरा बंदी कर पकड़ा गया। जिनसे कुल 3055 रूपए मुताबिक जप्ती पत्रक के जप्त किया गया। आरोपी को मौके पर गिरफ्तार कर छत्तीसगढ़ जुआ अधिनियम की धारा 3(2) के तहत विधिवत कार्यवाही किया गया।

## हाई स्कूल राम्हेपुर कला की कक्षा 9 वीं की परीक्षा परिणाम घोषित किया



**बरबसपुर हरिभूमि।** शासकीय हाई स्कूल राम्हेपुर कला मे कक्षा 9वी का परीक्षाफल घोषित किया गया। कुल दर्ज 35 में से 30 बच्चे उत्तीर्ण रहे। इस तरह से 88.2 प्रतिशत बच्चे उत्तीर्ण हुए । जिसमें से 16 प्रथम, 5 द्वितीय एवं 9 तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। इस प्रकार एक अनुपस्थित एवं चार छात्र-छात्राओं को पूरक-अवसर प्राप्त किया गया। कु. किरण साहू 94.5 प्रतिशत से प्रथम स्थान, कु.मनीषा धृतलहरे 93.6 प्रतिशत से द्वितीय, कु.लालिमा पाली एवं माधुरी भारती संयुक्त रूप से 88.5 प्रतिशत लेकर तृतीय स्थान पर रहे। परीक्षाफल घोषित करते समय जनपद सदस्य हीरा कोसले उपस्थित रहे। जिनके द्वारा सभी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं प्रेषित किया गया। अंत में प्राचार्य एमआर कोमरे एवं आरके साहू सर द्वारा बच्चों को आशीर्वाद वचन एवं आगे अच्छे पढ़ाई लिखाई करने एवं उज्जवल भविष्य की कामना हेतु संबोधित किया गया। इस अवसर पर शिक्षिका नीलम वर्मा, प्रतिमा झा, सरिता एवं सुनीता सहित समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित थें।





## नव प्रवेशियों को पार्टी ने गम्छे के साथ टोपी पहनाकर किया स्वागत

## कुल्ही डोंगरी के सरपंच कृष्णाकुमार परस्ते ने पंचों के साथ भाजपा किया प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोदवा गोडान

अंचल में भूपेश बघेल के दौरे के दिन पंडरिया क्षेत्र के दुल्लापुर मंडल अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत कुल्ही डोंगरी के आदिवासी सरपंच कृष्णकुमार परस्ते ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व भाजपा की लोक कल्याणकारी नीतियों और कार्यो से प्रभावित होकर अपने पंचो और अन्य साथियों के साथ भारतीय जनतापार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली। आज चुनाव प्रचार के अंतिम दिन जिस समय कोदवा गोडानं में कांग्रेस प्रत्यासी एवं पूर्व मुख्यमंत्री एक नुक्कड़ सभा ले रहे थे ठीक उसी दौरान यहां से पांच किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम कुल्ही डोंगरी में दुल्लापुर, पंडरिया व कुकदुर मण्डल के भाजपा नेताओं एवं पदाधिकारियों की उपस्थिति में परस्ते के साथ ग्राम छिरहा के अमरसिंह मरकाम, गणेश पोर्ते, भगवान सिंह मरकाम, संतोष कुमार धुर्वे एवं बेल्हापारा निवासी विपतराम परस्ते सहित कांग्रेस से जुड़े अन्य ग्रामवासियों ने भी भाजपा प्रवेश किया। इस अवसर पर पंडरिया के वरिष्ठ भाजपा नेता कुलदीप छाबड़ा, पूर्व मण्डल अध्यक्ष कल्याण सिंह, जनक चंद्राकर, आदिवासी नेता विदेशीराम धुर्वे, वरिष्ठ अधिवक्ता सुधीर पांडेय, शैलेन्द्र सिंह, उत्तम मर्सकोले, रिद्धराम श्याम, झगररसिंह मसराम, राजेन्द्र साहू, रविनन्दन पाण्डेय ने भाजपा के नव प्रवेशियों को पार्टी गम्छे के साथ टोपी पहनाकर स्वागत किया। कांग्रेस छोड़कर भाजपा प्रवेश कर रहे कृष्णकुमार परस्ते ने बताया कि भाजपा के द्वारा राष्ट्रपति तथा मुख्यमंत्री जैसे पदों पर आदिवासी समाज को प्रतिष्ठित किए जाने से समाज को जो गौरव मिला है, उससे प्रभावित होकर एवं क्षेत्र की लोकप्रिय विधायक श्रीमती भावना बोहरा द्वारा वनवासियों के हित में किए गए कल्याणकारी कार्यों को देखते हुए उन्होंने भाजपा से जुड़ने का निश्चय किया।









## खबर संक्षेप

### किसानों को 93 करोड़ 46 लाख का भुगतान जारी



**कवर्धा।** भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना मर्यादित कवर्धा द्वारा वैवाहिक सीजन मे गन्ना किसानों को 12.75 करोड़ रूपए का भुगतान जारी किया गया। कारखाना प्रबंधन पेराई सत्र 2023-24 में 19 मार्च 2024 तक गन्ना बेचने वाले 12046 किसानों को कुल राशि 93.46 करोड़ भुगतान किया जा चुका है। उल्लेखनीय है कि इस पेराई सत्र में कुल 387865.00 में टन गन्ना पेराई की जा चुकी है, तथा 430156 क्विंटल शक्कर का उत्पादन हुआ है। गन्ना भुगतान की बकाया राशि 19.92 करोड़ का भुगतान किया जाना शेष है, जिसको भी कारखाना प्रबंधन द्वारा शीघ्र भुगतान किया जायेगा।

### महतारी वंदन योजना से प्रदेश की महिलाओं का बढ़ रहा आत्मविश्वास

# 26 अप्रैल को राजनांदगांव लोकसभा की महिलाएं मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए संकल्पित हैं : भावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने लोकसभा चुनाव के तहत ग्राम कुंडा में आयोजित महतारी वंदन योजना कार्यक्रम में सम्मिलित हुईं और महिलाओं को संबोधित कर लोकसभा चुनाव में भाजपा को वोट देने की अपील की। उन्होंने लाभार्थी महिलाओं से भी भेंट किया और कहा कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा महतारी वंदन योजना से आज प्रदेश की 70 लाख महिलाओं को वित्तीय सुरक्षा के साथ ही सामाजिक न्याय भी मिल रहा है। महिलाओं का आर्थिक सशक्तिकरण से लेकर हर क्षेत्रों में माताओं-बहनों को प्रोत्साहन देने के लिए केंद्र व छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार निरंतर कार्य कर रही है। आज महिलाओं के प्रति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रतिबद्धता ने महिलाओं को सैन्य, खेल, व्यापार, उद्योग और लोकसभा जैसे सभी क्षेत्रों में प्रोत्साहन मिल रहा है।

वही भावना बोहरा ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना की थी और आज मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार प्रदेश के विकास एवं जनता के अधिकारों के लिए प्रतिबद्ध होकर उसे संवारने का कार्य कर रही है। महिला सशक्तिकरण के लिए संवेदनशील भाजपा सरकार ने हमेशा ही महिलाओं के उत्थान एवं उन्हें आर्थिक रूप से लेकर विभिन्न क्षेत्रों में प्रोत्साहित करने का काम कर रही है। प्रधानमंत्री द्वारा महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने की बात हो या मातृत्व वंदना योजना के तहत आर्थिक सहयता हो अपने ध्येय और महिलाओं के सशक्तिकरण के उद्देश्य को स्पष्ट किया है। प्रदेश में महिलाओं के आर्थिक स्वावलम्बन तथा उनके स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सतत सुधार तथा परिवार में उनकी निर्णायक भूमिका सुदृढ करने के तथा आर्थिक स्वावलम्बन एवं सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ में महतारी वंदन योजना लागू किया गया है जिसकी दो किश्त भी पारदर्शी तरीके से महिलाओं के खाते में सीधे ट्रांसफर की गई। महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देने के लिए शुरू की गई महतारी वंदन योजना के लिए राज्य सरकार ने वर्ष 2024-25 के बजट में तीन हजार करोड़ रूपए का प्रावधान किया है। पांच वर्षों में कांग्रेस की सरकार ने प्रदेश की महिलाओं के विश्वास को तोड़ा, उनसे किये वादे केवल कागजों में ही रहें इसी का परिणाम रहा कि छत्तीसगढ़ की माताओं ने विधनासभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी को सिरे से नाकारा और प्रदेश में सुशासन का सूर्योदय लेकर आईं एक बार फिर वह अवसर है जब छत्तीसगढ़ की माताएं-बहनें 26 अप्रैल को भारतीय जनता पार्टी को वोट देकर तीसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनायेंगी।

#### मोदी की गारंटी पर जनता पूर्ण विश्वास जताते है




भावना बोहरा ने कहा कि लोकसभा चुनाव में मोदी की गारंटी पर जनता पूर्ण विश्वास जताते हुए 400 पार के लक्ष्य में अपनी पूर्ण सहभागिता निभाते हुए छत्तीसगढ़ में 11 लोकसभा सीटों पर भाजपा की प्रचंड विजय में अपनी निर्णायक भूमिका निभाएगी। विगत पांच वर्षों के कुशासन से मुक्त होकर आज प्रदेश की महिलाएं आर्थिक रूप से सक्षम बनेंगी, हमारी सरकार द्वारा लागू की गई महतारी वंदन योजना न केवल वित्तीय सुरक्षा प्रदान करती है बल्कि सामाजिक न्याय को बढ़ावा देने के लिए एक प्रतिबद्धता का प्रतीक भी है। विधवा, तलाकशुदा, और परित्यक्ता महिलाएं भी इस योजना के लिए पात्र हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार किसान, गरीब, आम जनता, महिलाओं, युवाओं के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है और हमारी सरकार पूरी तरह से समर्पित होकर आम जनता के हित में काम कर रही है।

## चुनावी शोर-गुल थमा, प्रत्याशी तीन वाहन का प्रयोग कर सकते हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

भारत निर्वाचन आयोग के अनुपालन में लोकसभा निर्वाचन 2024 में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से निर्वाचन के लिए दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। बुधवार शाम 06 बजे चुनावी शोर-गुल थम गया । जिसको ध्यान में रखते हुए सभी दिशा निर्देशों का पालन करना आवश्यक है। मतदान दिवस के 48 घंटा पूर्व किसी भी मतदान केन्द्र के 200 मीटर परिधि में चुनावी प्रचार-प्रसार, राजनीतिक दल का प्रवेश निषेध रहेगा। निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षक, अधिकृत अधिकारी, पुलिस अधिकारी को छोड़कर मतदान केन्द्र के 100 मीटर की परिधि में मोबाईल फोन, वायरलेस आदि की अनुमति नहीं होगी।

निष्पक्ष तथा शांतिपूर्ण निर्वाचन को दृष्टिगत रखते हुए लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 134 बी अनुसार किसी भी व्यक्ति द्वारा मतदान केन्द्र के आसपास शस्त्र धारण नहीं किया जाएगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे ने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आदेशों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश सभी अधिकारियों को दिए है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे ने बताया कि एक प्रत्याशी द्वारा अधिकतम तीन वाहन प्रयोग में लाए जा सकते हैं। जिसमें एम वाहन प्रत्याशी के लिए एक वाहन एजेन्ट के लिए एवं एक वाहन प्रत्याशी के कार्यकर्ता के लिए रहेगा। एक वाहन में अधिकतम पांच व्यक्ति की ही वाहन चालक सहित अनुमति होगी। यदि प्रत्याशी लोकसभा क्षेत्र में उपस्थित नहीं है तो, प्रत्याशी की वाहन को अन्य व्यक्ति उपयोग करने की अनुमति नहीं होगी।

अन्य नेताओं को किसी भी प्रकार की वाहन की अनुमति नहीं होगी। निजी वाहन की उपयोग सिर्फ वाहन मालिक के द्वारा किया जाएगा, निर्वाचन में उपयोग नहीं किया जाएगा। मतदाताओं को लाने अथवा ले जाने के लिए निजी वाहन की अनुमति नहीं होगी। निजी वाहन का उपयोग वाहन मालिक के द्वारा स्वयं या परिवार को मतदान केन्द्र ले जाने की अनुमति होगी, लेकिन 200 मीटर की परिधि में ले जाने की अनुमति नहीं होगी। मतदान के अंतिम 48 घंटों के दौरान शराब की दुकाने बद रहेंगी।जारी आदेश में बताया गया है कि आवश्यक सेवाओं जैसे हॉस्पिटल वाहन, एम्बुलेंस, दुग्ध वाहन, पानी टैंकर आवश्यक विद्युत सेवा, पुलिस वाहन एवं निर्वाचन कार्य में संलग्न अधिकारी को ही वाहन की अनुमति होगी।

# लोकसभा निर्वाचन 2024: जिले के 804 मतदान केन्द्रों के लिए आज सुबह 6 बजे से सामाग्री वितरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी मतदान के लिए कबीरधाम जिले के विधानसभा क्षेत्र 71-पंडरिया और 72 कवर्धा के 804 मतदान केन्द्रों के लिए 25 अप्रैल को कृषि उपज मंडी बिलासपुर रोड़ कवर्धा से सुबह 6 बजे समाग्री वितरण शुरू किया जाएगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे ने बिलासपुर रोड स्थिति कृषि उपज मंडी में मतदान दल रावागनी स्थल का अवलोकन किया। जनकारी के अनुसार कि मतदान दल रवानगी की तैयारी पूरी कर ली गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी मतदान दल के पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी 01, 02, 03 को निर्धारित समय में उपस्थित होकर सामाग्री प्राप्त करने के निर्देश दिए है। वही दोनां विधानसभा क्षेत्रों के लिए बनाए गए सभी सेक्टर आफिसरों को भी समय पर उपस्थित होने के निर्देश दिए। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे ने बताया कि राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र के कबीरधाम जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्र में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांति पूर्ण निर्वाचन कार्य संपादित करने के लिए जिले के एक सहायक मतदान केन्द्र मिलाकर 804 मतदान केन्द्रों के लिए 75 सेक्टर आफिसर का बनाया गया है। मतदान सामग्री का वितरण सुव्यवस्थित रूप से करने के लिए जिले के दोनों विधानसभा पंडरिया एवं कवर्धा के लिए 20-20 कुल 40 काउंटर बनाए गए है। इसके लिए काउंटर प्रभारी एवं सहायक 200 कर्मचारियों की ड्यूटी भी लगाई गई है। मतदान सामग्री स्थल पर महिला मतदान कर्मियों की सुविधा के लिए विशेष ध्यान रखा गया। कलेक्टर महोबे ने कहा कि मतदान सामग्री वितरण एवं वापसी के समय सावधानीपूर्वक कार्य करना जरूरी है। उन्हांने कहा कि वितरण के समय और समान वापसी के समय सभी चीजों का संग्रहण करें और मिलान जरूर करें। भारत निर्वाचन अयोग के निर्धारित कार्यक्रम अनुसार कबीरधाम जिले में मतदान 26 अप्रैल शुक्रवार को प्रातः 7 बजे से शुरू होगा। जिले के कवर्धा विधानसभा क्षेत्र में 411 मतदान केन्द्र के लिए गठित 411 मतदान दल को समाग्री का वितरण किया जाएगा। इसी प्रकार पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के 393 मतदान केन्द्र के लिए गठित 393 मतदान दल को सामाग्री वितरण किया जाएगा। राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र-06 के अंतर्गत कबीरधाम जिले के दोनो विधानसभा में 42 आदर्श मतदान केन्द्र बनाएं गए है। विधानसभा-71 पंडरिया में 21 और विधानसभा-72 कवर्धा में 21 आदर्श मतदान केन्द्र बनाएं गएं है। जिले में 20 महिला मतदान केन्द्र, दो दिव्यांग मतदान केन्द्र और 10 युवा मतदान केन्द्र भी बनाएं गए है। खास बात यह है कि इन सभी 20 महिला मतदान केन्द्र में पीठासीन से लेकर मतदान दल क्रमांक 1, 2 और 3 सभी महिला कर्मचारी होंगे। इसी प्रकार इन दोंनो विधानसभा क्षेत्र में 1-1 मतदान केन्द्र दिव्यांग और 1-1 मतदान केन्द्र युवा प्रबंधित मतदान केन्द्र बनाया जाएगा। दिव्यांग मतदान केन्द्र में सभी अधिकारी-कर्मचारी दिव्यांग होंगे इसी प्रकार युवा प्रबंधित मतदान केन्द्रों में युवा अधिकारी होंगे।

#### जिले में 6 लाख 53 हजार 438 मतदाता है

जिले में 804 मतदान केन्द्र हैं और कुल मतदाताओं की संख्या 6 लाख 53 हजार 438 है। इसमें 3 लाख 25 हजार 353 पुरूष मतदाता, 3 लाख 28 हजार 83 महिला मतदाता और 02 थर्ड जेंडर मतदाता है। इसमें 6 हजार 520 दिव्यांग मतदाता, 85 वर्ष से अधिक वरिष्ठ नागरिक की संख्या 2 हजार 669 और 18 से 19 वर्ष के युवा मतदाता की संख्या 23 हजार 730 है। जिले में जेंडर रेसियों 1008 है। 100 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के 88 मतदाता है।

# भाजयुमो मंडल कुण्डा ने किया विजय संकल्प बाइक रैली का भव्य आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुण्डा

जिला भाजपा अध्यक्ष अशोक साहू, पियुष सिंह ठाकुर प्रदेश मंत्री भाजयुमो छत्तीसगढ़ व राजनांदगांव लोक सभा प्रभारी, मनीराम साहू जिला अध्यक्ष भाजयुमो कबीरधाम, मुकेश सिंह ठाकुर मंडल अध्यक्ष कुण्डा के कुशल मार्गदर्शन में मनहरण साहू मंडल अध्यक्ंष भाजयुमो के नेतृत्व में भारतीय जनता युवा मोर्चा मंडल कुण्डा के द्वारा भव्य मोटर साइकिल रैली का आयोजन सफलता पूर्वक किया गया। राजनांदगांव लोकसभा सभा क्षेत्र के लोक प्रत्याशी सांसद संतोष पाण्डेय को राजनादगाव लोक सभा क्षेत्र से भारी मतों से विजय बनाने और नरेन्द्र मोदी को देश के तीसरे बार प्रधान मंत्री बनाने सभी लोगों से अपील किया गया। 26 अप्रेल को होने वाले मतदान के दिन संतोष पाण्डेय को 3 नंबर के कमल छाप पर बटन दबाकर अधिक मतों से विजय बनाने बाईक रैली के माध्यम से विजय संकल्प बाईक रैली किया गया। युवा मोर्चा मंडल कुण्डा के द्वारा शक्ति केन्द्र पेड़ी से शक्ति कुण्डा बजार हाट होते हुए सेनहाभाठा, शक्ति केन्द्रा बघर्रा महका, सुरूजपुरा, शक्ति केन्द्र महली, दुल्लापुर, रेंगाबोड, गुझेंटा, शक्ति केन्द्र खम्हरिया, अखरा कुण्डा बजार में बाईक रैली का समापन किया। इस बाईक रैली के दौरान जोर दार माहौल भाजपा के पक्ष में चारों ओर देखने को मिला। भाजपा मंडल कुण्डा के चारों ओर से एक ही आवाज जनता जनार्दन से सामने आ रहा है अबकी बार 400 पार फिर से मोदी सरकार इस अवसर पर नकुल पाण्डेय वरिष्ट भाजपा नेता, मनहरण साहु, परषोत्तम निर्मलकर, कपील चंद्राकर, राजकुमार कश्यप, रमन खनूजा, फिरतु साहू, देवेन्द्र चंद्रवंशी, राजू श्रीवास, निलेश गुप्ता, शाशंक शर्मा, गणेश सोलंकी, हनुमान दास वैष्णव, कोमल साहू, दिपक चंद्राकर, जितेन्द्र रजक, मोहन चंद्राकर, भूवनेश्वर चंद्राकर, नंदलाल चंद्राकर, दिलहरण चंद्राकर, एवं इस बाईक रैली को सफल बनाने में युवा मोर्चा निष्ठा वान, देवतुल्य सहित भारतीय जनता युवा मोर्चा कुंडा मंडल के समस्त कार्यकर्ता गण व युवा मोर्चा के साथी सहित बाईक रैली में शामिल थें।

### अंग्रेजी विभाग ने मनाई शेक्सपियर की जयंती




**डोंगरगढ़।** नेहरू महाविद्यालय के अंग्रेजी विभाग ने विलियम शेक्सपियर की 460 वीं जन्म वर्षगांठ प्राचार्य डॉ. ईव्ही रेवती के निर्देशन एवं अंग्रेजी विभाग के विभागाध्यक्ष गुलशन सिन्हा के मार्गदर्शन में मनाया। मुख्य अतिथि इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. आशा चौधरी थी। डॉ. चौधरी ने विलियम शेक्सपियर को न सिर्फ इंग्लैंड के नाटककार बताया बल्कि दुनिया में जितनी भी भाषा है उसमें उसके नाटक एवं कविता का अनुवाद होने के कारण विश्व स्तर के नाटककार एवं साहित्यकार बताया।अंग्रेजी विभागाध्यक्ष गुलशन सिन्हा ने उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में सिद्धार्थ, दीपाली, रामकिशोर, लोकेश्वर, प्रेरणा, फरहिन, शायना, निकिता आदि ने अपने विचार व्यक्त किए। संचालन पदमा खुटे एवं आभार प्रदर्शन अंजलि देवांगन ने किया।

## जैन समाज ने निकाली रैली और महावीर के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाया



**हरिभूमि पंडरिया।** विश्व में शांति करुणा प्रेम के संदेश के साथ जीयो और जीने दो के सिध्दांतो पर चलने की प्रेरणा देने वाले अहिंसा के अवतार श्रमण भगवान महावीर स्वामी जन्म कल्याणक पर जैन मंदिर में विराजित परम पूज्य गुरुदेव प्रकाश मुनि जी महाराज साहेब की अज्ञानुवर्तीनी परम पूज्या हर्षिता श्री जी महाराज साहेब आदि ठाणा ५ साध्वी भगवंतों की निश्रा में विगत 12 अप्रैल से 25 अप्रैल तक व्याख्यान में भगवान महावीर स्वामी के सिध्दांतो पर चलने एवं समाज के लोगो को धर्म आराधना के लिए प्रेरणा स्वरूप प्रवचन में संदेश दिये, व्याख्यान में साध्वी भगवंतों द्वारा प्रतिदिन प्रवचन में जैन्तव के सिद्धांतों लोगो को शांति प्रेम संयम आराधना का संदेश मिला। विगत 21 अप्रैल को भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव पर जैन समाज के सभी लोगो ने प्रातः अहिंसा रैली बाइक द्वारा निकालकर महावीर के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाया गया एवं लोगो से अपील कर अहिंसा के मार्ग पर चलने प्राणी मात्र के लिए करुणा भाव रखने आग्रह किया गया। वही साध्वी भगवंतों के व्याख्यान के बाद समाज द्वारा भव्य वरघोड़ा निकाला गया, जुलूस में समाज के अलावा एनी समाज के लोगो ने शामिल होकर महावीर के सिध्दांतों पर चलने का संकल्प लिया, भगवान को रथ में लेकर चलने एवं पुखने का लाभ श्रीमती कमलादेवी भीखमचंद लोढ़ा परिवार ने लिया, भगवान को रथ में विराजमान कर विवेक लोढ़ा बैठे थे। समाज के सभी लोगो ने वरघोड़े में अहिंसा के अवतार भगवान महावीर स्वामी के जयकारे के साथ जीयो और जीने दो के नारे लगाकर नगर भ्रमण किया गया। वही जुलूस के दौरान जगह-जगह पर समाज के अलावा अन्य समाज के लोगो ने भगवान के दर्शन कर जैन समाज के सभी को बधाई प्रषित किया।

### ज्वलंत विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजित

# अभ्युदय स्कूल में धूमधाम से मनाया गया पृथ्वी दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



शिक्षा जगत में सिंद्धांत और व्यवहार का संगम अभ्युदय स्कूल में सोमवार को पृथ्वी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में नगर के प्रतिष्ठित विद्यालयों के विद्यार्थियों द्वारा सेव ईरथ जैसे ज्वलंत विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया, जिसमें राजेश चौरसिया जवाहर नवोदय विद्यालय एवं नगर के प्रसिद्ध चित्रकार भुनेश साहू के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम का प्रारंभ हुआ उक्त प्रतियोगिता में नगर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान डीपीएस पब्लिक स्कूल, आरपीएस पब्लिक स्कूल अशोका पब्लिक स्कूल,आत्मानंद विद्यालय एवं मेजबान अभ्युदय विद्यालय के कुल 58 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया जहां वे सब अपनी प्रस्तुती देकर दर्शक दीर्घा में बैठे लोगो को मन्त्र-मुग्ध कर दिया, विद्यार्थियों ने अपने चित्रकला में बताया कि पृथ्वी एक अनमोल धरोहर है जिसे संरक्षित रखना हमारा धर्म है। हमारी पृथ्वी जल से भरी हुई है, जो हमारे जीवन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। हम सभी को जल संरक्षण का भागी बनना चाहिए और इस विषय पर जागरूक होना चाहिए एवं धरती बचाओ जीवन बचाओ का संदेश दिया। विश्व पृथ्वी दिवस को वैश्विक जलवायु संकट के प्रति जागरूकता लाने के लिए प्रतिवर्ष मनाया जाता है। इस साल 2024 में अर्थ डे की थीम पृथ्वी बनाम प्लास्टिक पलनेट व पलसटीक्स रखी गई है। इससे पहले साल 2023 में पृथ्वी दिवस की थीम है। हमारे ग्रह में निवेश करेंरे यानि Invest in Our Planet रखी गई थी। यह थीम पृथ्वी दिवस के वैश्विक आयोजक Earth Day.org (EDO) द्वारा घोषित की गई है। यह थीम व्यक्तियों, समुदायों, सरकारों और व्यवसायों को प्राथमिकता देने और वर्तमान के साथ-साथ आने वाली पीढ़ियों के लिए हमारे ग्रह की रक्षा और संरक्षण की दिशा में कार्रवाई करने का सन्देश देती है। उल्लेखनीय है कि विद्यार्थियों ने अपनी चित्रकला का प्रयोग करते हुए विश्व पृथ्वी दिवस के संभवित सभी क्षेत्रों से संबंधित चित्र बनाए जिसे शिक्षक परिवार द्वारा सराहा गया। संस्था प्राचार्या श्रीमती व्ही शोभा ने विद्यार्थियों के रोचक एवं तथ्यात्मक प्रस्तुती की प्रशंसा की एवं अपने उद्बोधन में धरती के प्रति हमारे कर्तव्यों का उल्लेख करते हुए समस्त जीवों के प्रति यथायोग्य मानवतापूर्ण व्यवहार करने हेतु आह्वान किया और कार्यक्रम के सफलता हेतु आयोजको को शुभकामनाएं दी।

### मतदाताओं को किया जागरूक

**डोंगरगढ़।** शहर में स्वीप के तहत रैली का आयोजन किया गया, जिसमें निकाय के अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए। रैली के माध्यम से शहर की जनता से मताधिकार का प्रयोग करने का आव्हान किया गया।

ज्योतिषी
(अंतर्राष्ट्रीय तांत्रिक सम्राट)
बना बनाया काम बिगड़ना, ऊपरी हवा, पति पर स्त्री के वस में होना, शराब छुड़ने की गारंटी, वशीकरण मोहनी की गारंटी के साथ घरेलू समस्या, बच्चों का मन पढ़ाई में न लगना, शादी विवाह में अड़चन, प्रेम विवाह, सभी समस्या का निवारण, तंत्र-मंत्र वैदिक पद्धिति के द्वारा स्थायी हल।
पता- दीपक महाराज
रायपुर नाका, घोठिया रोड ज्योति विद्या मंदिर हाईस्कूल के पीछे कवर्धा
Mo. 9300415345

पाठक सूचना
कवर्धा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8889139071

Health Town
डॉ. टाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक
Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244
स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएँ जैसे
PCOD| मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्त्राव मासिक| इनफर्टिलिटी | बच्चेदानी की गांठ | स्तन की गांठ
सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा
टांसिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।
शॉप नं.1,गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर
Online परामर्श उपलब्ध | दवाइयाँ कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा
Maa Ad.
विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133